हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 12 अगस्त 2025



तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री


बिलासा कन्या महाविद्यालय के सामने लगाया गया फाउंटेन खराब हो गया है, उसमें से बहने वाला झरना भी अब बंद हो चुका है।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# शहर में तीन और रजिस्ट्री ऑफिस खोलने की तैयारी, सारे हाईटेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

शहर में तीन और नए रजिस्ट्री ऑफिस खोलने की तैयारी की जा रही है। खोले जाने वाले नए रजिस्ट्री ऑफिस मॉडल के तौर पर स्थापित किए जाएंगे, जो पासपोर्ट आफिस जैसे हाईटेक और सारी सुविधाओं से लैस रहेंगे। मॉडल रजिस्ट्री ऑफिस के लिए शहर के सरकंडा, तिफरा एवं मंगला चौक के आसपास भवन की तलाश की जा रही है। अपेक्षित भवन उपलब्ध होते ही इन तीनों स्थानों पर भी पक्षकार जमीन की रजिस्ट्री करा सकेंगे।

अपनी संपत्तियों की खरीदी-बिक्री के लिए रजिस्ट्री ऑफिस से अपॉइंटमेंट के लिए लंबा इतजार करने एवं अपॉइंटमेंट मिल जाने के बाद सीमित संसाधनों वाले रजिस्ट्री कार्यालय में बैठकर अपनी बारी का लंबा इंतजार करने वाले पक्षकारों को जल्द ही इन सबसे राहत मिलने वाली है। रजिस्ट्री विभाग जल्द ही शहर में तीन और रजिस्ट्री कार्यालय स्थापित करने वाला है, लेकिन यह सभी आफिस सामान्य नहीं रहेंगे। इन सभी को एक मॉडल ऑफिस के रूप में स्थापित किया जाएगा। मॉडल ऑफिसों में पक्षकारों को पासपोर्ट आफिस की तरह पीने का साफ पानी, एसी वेटिंग हॉल, अच्छा वॉशरूम एवं लगातार सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए डिस्प्ले बोर्ड जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी। मॉडल आफिस की शुरूआत राजधानी रायपुर से की जाएगी, जहां इसकी तैयारी अंतिम चरणों में है।

विभाग द्वारा बिलासपुर शहर के मॉडल ऑफिसों के लिए 2 हजार वर्गफीट क्षेत्र में बने भवनों की तलाश की जा रही है, जहां पार्किंग व बिजली की बेहतर व्यवस्था हो। विभाग द्वारा एक ही ऑफिस होने के कारण पक्षकारों को रजिस्ट्री के लिए लगने वाले समय एवं असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थानों पर ऑफिस स्थापित करने की योजना बनाई गई है। चूंकि शहर भी लगातार विस्तार कर रहा है, जिससे संपत्तियों की खरीदी-बिक्री भी लगातार बढ़ रही है, जिससे मॉडल आफिस की स्थापना से पक्षकारों को बड़ी राहत मिल सकेगी।

- 'मॉडल' ऑफिस के रूप में होगी स्थापना
- अपॉइंटमेंट के लिए नहीं करना होगा लंबा इंतजार

### वर्तमान रजिस्ट्री आफिस में भी यथावत चलेगा काम

शहर में तीन अन्य मॉडल रजिस्ट्री आफिस स्थापित हो जाने के बाद भी वर्तमान में कंपोजिट बिल्डिंग में संचालित रजिस्ट्री ऑफिस भी अपना काम करता रहेगा। यह ऑफिस सालों पुराना होने के साथ ही विभाग के सारे रिकार्ड यहां उपलब्ध हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए फिलहाल इसकी शिफ्टिंग किसी अन्य मॉडल रजिस्ट्री ऑफिस में नहीं की जा रही है। यहां भी विभाग का अमला तैनात रहेगा व रजिस्ट्री का कार्य संचालित होता रहेगा।




### हर मॉडल आफिस का कार्यक्षेत्र बंटा होगा

तीन मॉडल आफिस स्थापित होते ही शहर में रजिस्ट्री ऑफिस की संख्या चार हो जाएगी। ऐसी दशा में शहर को रजिस्ट्री के लिए चार भागों में बांटा जाएगा। सरकंडा क्षेत्र में स्थापित मॉडल ऑफिस में सरकंडा शहरी क्षेत्र के अलावा आसपास के गांव भी शामिल किए जा सकेंगे। इसी तरह तिफरा में स्थापित कार्यालय यदुनंदन नगर, तिफरा व परसदा सहित अन्य क्षेत्रों को कवर करेगा। मंगला चौक में स्थापित कार्यालय में दीनदयाल कालोनी, लोखंडी, मंगला सहित आसपास के पक्षकार रजिस्ट्री करा सकेंगे। हालांकि किस मॉडल ऑफिस में किन क्षेत्रों के लोग रजिस्ट्री करा सकेंगे इस संबंध में अभी विभाग द्वारा क्षेत्र तय नहीं किया जा सका है।

### आफिस खोलने की हो रही तैयारी

शहर में वर्तमान ऑफिस के अलावा तीन अन्य मॉडल रजिस्ट्री ऑफिस खोलने की तैयारी की जा रही है। एक से डेढ़ महीनों के भीतर इनका संचालन प्रारंभ हो जाएगा, लेकिन एक मॉडल आफिस अगले कुछ ही दिनों में प्रारंभ हो जाने की संभावना है। मॉडल आफिस सारी सुविधाओं से लैस रहेंगे, जहां पक्षकारों को रजिस्ट्री के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी।

**- आरके स्वर्णकार,** उपपंजीयक रजिस्ट्री विभाग

## खबर संक्षेप

### शांति नगर पानी टंकी की सफाई आज

**बिलासपुर।** शांति नगर स्थित उच्च स्तरीय पानी टंकी की सफाई 12 अगस्त को की जाएगी। इसके कारण शांति नगर, शिद्द शिखर, ठेठा डबरी, शुभम विहार, मंगला चौक क्षेत्र, मिनोचा कालोनी और कस्तूरबा नगर के क्षेत्रों में शाम के समय पानी की सप्लाई नहीं होगी।

### एटीआर का श्वान नीतू दूसरे नंबर पर

**बिलासपुर।** डब्लूडब्लूएफ ट्राफिक इंडिया का हरियाणा में राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 9 राज्यों के टाइगर रिजर्व के श्वान शामिल हुए। इस प्रशिक्षण शिविर में अचानकमार टाइगर रिजर्व के श्वान नीतू ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रबंधन के अनुसार डब्लूडब्लूएफ इंडिया श्वान खरीदीकर देश के सभी राज्यों के वन विभाग हेतु प्रदाय कर उन्हें आईटीबीपी, बीटीसी भानू पंचकुला हरियाणा में स्थित राष्ट्रीय श्वान प्रशिक्षण केन्द्र भानू में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है। इन्हीं श्वानों के साथ उन्हें रहवास एवं प्रशिक्षण में आवश्यक सहयोग करने अलग-अलग राज्य से वन कर्मियों का चयन कर श्वान परिचारक एवं सहायक परिचारक भी होते हैं।

### बिजली विभाग के अधीक्षण यंत्री साहू हटाए गए

**बिलासपुर।** बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता शहर पीआर साहू को हटाकर कार्यपालक निदेशक कार्यालय तिफरा कर दिया गया है। इनके स्थान पर पी श्रीनिवास राजू कार्यालय निदेशक रायपुर से तोरवा अधीक्षण अभियंता कार्यालय में तबादला किया गया है। इससे पहले नेहरु नगर के कार्यपालन यंत्री सईद मुख्यतार का तबादला तोरवा किया गया था इसके अलावा एई डी के साहू का भी तबादला कर दिया था। शहर में बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है। इस पर सुधार लाने के लिए विभाग की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे पहले सेंदरी और खमतराई के जेई को हटाया गया है।

### एयू ने जारी किया सेमेस्टर परीक्षा परिणाम

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी तहत संचालित द्वितीय सेमेस्टर के सभी पाठयक्रमों के परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित कर दिए। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी ने विभिन्न संकायों के स्नातकोत्तर पाठयक्रमों के भी परिणाम जारी कर दिए गए हैं। अटल यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान ने बताया कि सेमेस्टर परीक्षा परिणाम यूनिवर्सिटी के अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, जिससे छात्र-छात्राएं अपने अंक देखकर डाउनलोड कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत द्वितीय सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर परिणाम घोषित किए गए हैं।

### सेहतमंद रहने की तमन्ना लेकर इस जगह पर सैर करने के लिए पहुंचते थे लोग

# 100 करोड़ की स्मार्ट सड़क में देरी, इधर चौपट हो गई 5 करोड़ में बनी चौपाटी

### लाखों रुपए की टाइल्स टूटी, स्टील के गेट चोरी

**इंजेक्शन निडिल, एंपुल और कोरेक्स सिरप की शीशियां बिखरी पड़ीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा किनारे 100 करोड़ की स्मार्ट सड़क बनाने के लिए रिवर व्यू को गोंड़पारा की तरफ शिफ्ट कर दिया गया है, लेकिन करीब 5 करोड़ में बनी इसे चौपाटी की बदहाली दूसरी कहानी बयां कर रही है। स्मार्ट सड़क कब बनेगी कोई बताने वाला नहीं है, लेकिन एक समय जहां युवक-युवतियों के साथ परिवार वालों की भीड़ रहती थी, वहां अब सूनापन है। सुबह से लेकर देर रात तक असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है तो गंदगी फैली हुई है। लाखों रुपए के टाइल्स टूट गए तो स्टील के गेट चोरी हो रहे हैं या तोड़ दिए जा रहे हैं।

ध्यान रहे कि इस रिवर व्यू पर सुबह और शाम के वक्त लोग सेहतमंद रहने की तमन्ना लेकर इस जगह पर सैर करने के लिए पहुंचते थे लेकिन अब यहां दुर्घटनाएं होने लगी हैं। पिछले दिनों एक भाजपा नेता पर एक नशेड़ी ने हमला करते हुए घायल भी कर दिया था।




### मिनी पिकनिक स्पाट अब मवेशियों की चौपाल

रिवर व्यू रोड बनने के साथ ही नदी के पास की बची हुई जमीन पर 2018 में यहां शहर का सबसे ऊंचा तिरंगा फहराने कांक्रीटीकरण कराया गया। करीब 50 लाख खर्च कर सौंदर्यीकरण आदि के कार्य कराए गए। वहीं खाली पड़ी जमीन पर लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां बनाई गई। लाखों के मॉडल कियोस्क लगाए गए। इस प्रकार यह स्थान छोटे से पिकनिक स्पाट के रूप बनाया। अब यहां खासतौर पर शाम के वक्त हालत और भी खराब रहती है। नदी तट की दीवार पर बैठकर या खड़ा होकर ये लोग नशीली वस्तुओं का सेवन करते हैं। कोई कोरेक्स सीरप पीता नजर आता है तो कोई इंजेक्शन लगाता। यहां पर इंजेक्शन निडिल, एंपुल और कोरेक्स सीरप की शीशियां बिखरी पड़ीं देखी जा सकती हैं।



### सड़क बनने में लगातार हो रही देरी

जब अरपा के दोनों किनारों पर 100 करोड़ रुपए में सड़क बनाने की योजना बनी तो यह रिवर व्यू नई सड़क और नाला निर्माण की जद में आ गई। यहां लगाए गए टीन शेड को निगम ने तोड़ने के साथ ही गुपचुप, चाट और फास्टफूड के ठेलों को हटाते हुए इसे सुलभ कांप्लेक्स के पीछे गोंड़पारा सड़क की तरफ शिफ्ट कर दिया। ध्यान रहे कि यह जगह इतनी ज्यादा लोकप्रिय हुई थी कि यहां शाम को बड़ी संख्या में लोग पहुंचते थे। शहर के छोड़े बड़े इवेंट भी यहां होते हैं। अब चौपाटी को हटाने के साथ ही इस स्थान पर 60 फीट की नई सड़क बनाने की योजना है लेकिन इस पर अभी तो फिलहाल काम काफी सुस्त गति से होता दिख रहा है।

### तेजी से हो रहा काम

अरपा किनारे सड़क बननी है, इसलिए शिफ्टिंग की गई थी। इसमें अब काम तेजी से हो रहा है। सड़क को रिवर व्यू से जोड़ा जाएगा। गंदगी के साथ असमाजिक तत्वों का जमावड़ा नहीं हो, इसके लिए निगम की टीम भेजी गई थी। पुलिस का सहयोग भी लिया जाएगा।

**- राजकुमार मिश्रा,** चीफ इंजीनियर

# मुख्यमंत्री साय स्वच्छता संगम कार्यक्रम में शामिल होंगे आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 12 अगस्त को दोपहर 1 बजे बहतराई इंडोर स्टेडियम में आयोजित भव्य स्वच्छता संगम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री क्षेत्रवासियों को 260 करोड़ रुपए से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे। जिसमें 197 करोड़ से अधिक के लागत वाले 25 कार्यों का शिलान्यास एवं 63 करोड़ 57 लाख की लागत से हुए 24 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री श्री साय इस दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक का वितरण कर लाभान्वित भी करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव करेंगे। केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक अमर अग्रवाल, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव एवं महापौर पूजा विधानी विशिष्ट अतिथि होंगे।

### व्यावसायिक काम्प्लेक्स का होगा लोकार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नूतन चौक में 3 करोड़ 85 लाख की लागत से निर्मित व्यवसायिक काम्पलेक्स, कोनी क्षेत्र में 9 करोड़ की लागत से निर्मित एसटीपी कार्य, 2 करोड़ 92 की लागत से गुनसरी एनीकट का निर्माण कार्य, कोनी में ही 4 करोड़ 82 लाख की लागत से शासकीय इंजीनियरिग कालेज में नवीन कन्या छात्रावास का निमार्ण कार्य, 6 करोड़ 29 लाख की लागत से नगोई बस्ती से मोढे नाका निर्माण, 2 करोड़ 48 लाख की लागत से जूनापारा से कठमुड़ा मार्ग निर्माण कार्य, 12 करोड़ 52 लाख की लागत से उसलापुर दैजा मार्ग का चौड़ीकरण मजबूतीकरण कार्य, 2 करोड़ की लागत से बीजा देवतरा मार्ग का मजबूतीकरण एवं डामरीकरण कार्य सहित अन्य योजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

### पिकनिक की आड़ में जंगल में खेल रहे थे जुआ

# 10 जुआरी गिरफ्तार 83 हजार रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने पिकनिक की आड़ में चपोरा स्थित चांपी जलाशय के पास के जंगल में जुआ खेल रहे 10 जुआरियों को पकड़ लिया। वहीं पुलिस बल नहीं होने से करीब 15 जुआरी भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों से 83 हजार रुपए, 5 बाइक, मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएसपी रजनेश सिंह को शिकायत मिली, हर संडे बड़ी संख्या में जुआरी पिकनिक मनाने के बहाने चांपी जलाशय जाकर पास के जंगल में जुआ खेलते हैं। उन्होंने रतनपुर पुलिस को जुआरियों को पकड़कर कार्रवाई करने का आदेश दिया। उसके बाद रविवार को टीआई नरेश चौहान ने स्टाफ के 14 पुलिसकर्मियों के साथ चारों ओर से घेराबंदी करते हुए बांध के पास जंगल में दबिश दी। पुलिस को देखकर जुआरियों में हड़कंप मच गया और वे भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर 10 जुआरियों को पकड़ लिया। वहीं पुलिस बल नहीं होने से करीब 15 जुआरी भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने मौके से 5 बाइक व 10 मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**पकड़े गए जुआरी**

- अमित कुमार वाल्मिकी पिता दिनेश कुमार वाल्मिकी 37 साल गोंड़पारा
- शाहिद कुरैशी पिता शेख सुलेमान 45 साल खपरगंज
- गुलशन नामदेव पिता परमानंद नामदेव 34 मसानगंज
- शहबाज खान पिता नजर मोहम्मद 31 साल मध्य नगरी चौक
- आशीष कुमार पिता स्व. नागेश आनंद बहेलिया 35 साल तालापारा
- नितेश नागदोने पिता स्व. सुशील महर 33 साल अंबेडकर नगर
- मोहम्मद सलीम शेख पिता रसीद समद 42 साल तालापारा
- गोलू कुमार उर्फ लक्ष्मीनारायण पिता विनोद सतनामी 34 साल मगरपारा
- संतोष कुमार पाण्डेय पिता राकेश कुमार पाण्डेय 32 साल पुलिस लाइन महिला थाना के पीछे
- शेख अख्तर हुसैन पिता शेख शब्दर 42 साल ईदगाह चौक


पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए जुआरी।

### कोर्ट ने दिया आदेश, तीन साल पहले हुई थी वारदात

# दोहरे हत्याकांड के आरोपी दंपती को उमक्रैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोर्ट ने पुरानी रंजिश में तलवार, कुल्हाड़ी, लोहे की पाइप से हमला कर पति पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति पत्नी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।



28 जून 2022 को शाम 4 बजे सिविल लाइन क्षेत्र जरहाभाठा बेदी गैरेज के पास रहने वाले दीपक गढ़ेवाल व उसकी पत्नी पुष्पा गढ़ेवाल पर ओमशंकर गढ़ेवाल व उसकी पत्नी संगीता गढ़ेवाल ने तलवार, कुल्हाड़ी, लोहे के पाइप से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उनकी बेटी हर्षिता, रोशनी व रिश्तेदार नीलम गढ़ेवाल पर भी जान लेवा हमला कर दिया गया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गई, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद दीपक गढ़ेवाल व उसकी पत्नी पुष्पा गढ़ेवाल को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने हत्या व हत्या के प्रयास में आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। 11 अगस्त को कोर्ट ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोपी ओमशंकर गढ़ेवाल, उसकी पत्नी संगीता गढ़ेवाल को धारा 307, 34 में 10 - 10 साल कैद व 25 - 25 हजार रुपए जुर्माना व धारा 302, 34 में आजीवन कारावास व 10 - 10 हजार रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता विजेन्द्र कुमार तिवारी ने पैरवी की है।

### युवक की हत्या मामले में महिला सहित दो आरोपियों को उम्रकैद

24 फरवरी 2022 को सीपत सेलर निवासी लोकनाथ धूरी पिता रामनारायण धूरी 27 साल बाइक क्रमांक सीजी 10 एबी4528 से दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने सिरगिट्टी गए थे। उन्हें फोन कर तालापारा मिनीबस्ती निवासी पुष्पा अनंत पति अनिल अनंत 30 साल ने मिलने के लिए तिफरा आवेहब्रिज के पास बुलाया। रात 9.30 बजे शराब लेकर लोकनाथ धूरी मिलने के लिए पुष्पा के पास पहुंचा। ईट भठ्ठा में दोनों शराब पी रहे थे। मोबाइल टार्च जलते देखकर रेल पटरी में बैठे अनुरूकत सिंह, हरीशचंद्र सिन्हा, राकेश कोरी, सूरज कोरी उनके पास चले गए और उनके साथ विवाद करने लगे। इससे दोनों ईंट का टुकड़ा उठाकर चारों युवकों मारने लगे। ईंट से सिर में चोट लगने से हरीशचंद्र सिन्हा गिर गया। उसके बाद लोकनाथ धूरी उसके पास जाकर ईंट और सिर में मारा। उसके बाद वह पुष्पा को बाइक में बैठाकर भाग गया। उसके बाद उसके साथियों ने हरीशचंद्र सिन्हा को सिम्स में भर्ती कराया। उसकी स्थिति को देखते रायपुर डीकेएस हास्पिटल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोपी लोकनाथ धूरी, पुष्पा अनंत को आजीवन कारावास व 1 - 1 हजार रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता संजय कुमार साहू ने पैरवी की है।




शहीद विनोद सिंह कौशिक
स्मृति न्यास
मेधावी छात्र
अभिनंदन समारोह
शहीद विनोद सिंह कौशिक
कार्यक्रम
दिनांक 12/8/2025
समय : प्रात: 11 बजे से
स्थान : गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय
रजत जयंती सभागार - कोनी, बिलासपुर
नंदन ... वंदन ... अभिनंदन ...
कुन्दन धर दीवान
आयोजक : दिलेन्द्र कौशिल
अध्यक्ष, शहीद विनोद सिंह कौशिक स्मृति न्यास बिलासपुर
मो.: 7024012529
संकलनकर्ता: प्रदीप पाण्डेय, हरिभूमि प्रतिनिधि सीपत मो. 9827967487



योगदान

## लाइब्रेरियन डे आज, डा रंगनाथन का पुस्तकालय में महत्वपूर्ण योगदान

**बिलासपुर।** 12 अगस्त को लाइब्रेरियन डे मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शास. बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर के ग्रंथपाल बीआर चौधरी ने बताया कि डा एसआर रंगनाथन का पुस्तकालय महत्वपूर्ण योगदान रहा। वे मद्रास विश्वविद्यालय के पहले लाइब्रेरियन बने। लाइब्रेरियन की हैसियत से सूचना आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भारत में पुस्तकालयों की स्थापना, प्रसार और विकास पर सर्वाधिक ध्यान दिए। इसलिए इनको आधुनिक भारत में पुस्तकालय विज्ञान का पिता कहा जाता है। उनके जन्मदिन 12 अगस्त को पूरे भारत में राष्ट्रीय लाइब्रेरिन डे के रूप में मनाया जाता है। इन्होंने आधुनिक लोक पुस्तकालयों के संचालन हेतु सिद्धांतों की विवेचना करते हुए सन- 1928 में पुस्तकालय विज्ञान के पंचसूत्रीय सिद्धांत पुस्तकें उपयोग के लिए होती हैं, हर पाठक के लिए उसकी पुस्तक मिले, हर पुस्तक के लिए उसका पाठक मिले, पाठक का समय बचाइए, पुस्तकालय एक वर्धनशील संस्था है। ये सिद्धांत आज भी लाइब्रेरी सर्विस, कलेक्शन डेवलपमेंट, और यूजर–सेंट्रिक सर्विस के आधार स्तम्भ माने जाते हैं।



कार्यक्रम

## श्यामली महिला मंडल के सावन उत्सव में भारती बनीं सावन क्वीन



**बिलासपुर।** सीएमपीडीआई कॉलोनी में श्यामली महिला मंडल द्वारा आयोजित सावन उत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभा कुमार ने की। इसमें सावन क्वीन 2025 भारती सोनापुरम को सावन क्वीन चुना गया। मंच संचालन निशी शर्मा और तबस्सुम खान ने किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विविध नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। इसमें गार्गी दता, भारती सोनपुरम, निशी शर्मा, पूर्णिमा शुक्ला,निधि वर्मा, रीता राय, विदिशा सरकार द्वारा प्रस्तुत अनेकता में एकता का संदेश देता समूह नृत्य दर्शकों के दिलों को छू गया और खूब सराहा गया। मेघा रे मेघा गीत पर प्रभा कुमार, स्मिता मिश्रा, विभा मलिक, रूपा गुप्ता, रेखा सक्सेना, रेनू बरनवाल की प्रस्तुति ने मंच को सावन की रिमझिम बौछारों से भर दिया। रासलीला पर आधारित नृत्य में मंदिरा द्वारा प्रस्तुत किया गया शुद्ध शास्त्रीय भाव एवं भंगिमा प्रभावशाली रहा।

आयोजन

## गायत्री परिवार ने स्वर्णिमा एरा कॉलोनी में लगाए पौधे



**बिलासपुर।** वृक्ष गंगा अभियान के तहत अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा वंदनीया माता के जन्म शताब्दी वर्ष पर एक पेड़ माताजी के नाम के रूप में हरीतिमा संवर्धन को साकार रूप देने के लिए तरुपुत्र- तरुमित्र वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी के तहत स्वर्णिमा एरा कॉलोनी में पौधरोपण किया गया। गायत्री परिवार के द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि बीडीए ग्रुप के डायरेक्टर व समाज सेवी बृजेश साहू ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में पर्यावरण प्रेम को वृहद वृक्षारोपण के जरिए समाज को समर्पित किया और गायत्री परिवार के अभियान के साथ मिलकर 100 से ज्यादा छायादार व औषधीय पौधे लगाए। बृजेश साहू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। जितना ज्यादा वृक्षारोपण होगा, स्वस्थ्य समाज की परिकल्पना उतनी ज्यादा मजबूत होगी।

अभियान

## सिंगल यूज प्लास्टिक हटाने ऑटो में लगाए गए बैनर



**बिलासपुर।** सामाजिक संस्था दीनबंधु, प्रांतीय अग्रवाल युवा मंच एवं दैवी संपद मंडल के संयुक्त प्रयास सिंगल यूज प्लास्टिक हटाने ऑटो में बैनर लगाया गया। सिंगल युज प्लास्टिक हटाना है, पर्यावरण के प्रति कर्तव्य निभाना है इस ध्येय के साथ दीनबंधु सहयोग संस्था, दैवी संपदा मंडल युवा सेवा समिति, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच, दीनबंधु सहयोग संस्था के माध्यम से शहर बिलासपुर में प्लास्टिक मुक्त भारत की दिशा में एक मजबूत कदम उठाया गया। इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलने वाले आटो में कपड़े से बने विशेष जागरूकता पोस्टर लगाए गए। इस पर नो पॉल्यूशन कैंपेन, सिंगल यूज़ प्लास्टिक हटाएंगे, बिलासपुर को स्वच्छ बनाएंगे लिखा है। कार्यक्रम के दौरान एक ऑटो वाला बैसाखी के सहारे आकर अपने ऑटो में बैनर लगवाया एवं सिंगल यूज प्लास्टिक हटाने के इस अभियान में शामिल होकर समाज को जागरूक करने में योगदान की बात कही।

# हलषष्ठी 14 को, चुकिया, लाई, महुआ चना, पसहर चावल की सजी दुकानें

हल छठ भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि 14 अगस्त को मनाई जाएगी। इसकी महिलाओं ने तैयारी शुरू कर दी है। पूजा में प्रयुक्त होने वाली चुकिया, लाई, चना, महुआ, पसहर चावल की खरीददारी करने लगी हैं। वहीं शहर के चौक-चौराहों में इन चीजों की दुकानें सजकर तैयार है।

**महिलाएं करने लगी हैं तैयारियां**





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हलषष्ठी को बलराम जयंती भी कहा जाता है। यह व्रत संतान की लंबी आयु के लिए रखा जाता है। हलषष्ठी भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि में पड़ती है। महिलाएं इस दिन व्रत रख कर प्रतीकात्मक तालाब बना कर उसकी पूजा करेंगी। पूजा के बाद बिना हल के निकले पसहर चावल को प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगी। इस व्रत, पूजा में पसहर चावल का बड़ा महत्व होता है। इसी चावल से पूजा होती है और इसी चावल को व्रती ग्रहण करती हैं। 14 अगस्त को यह तिथि सुबह 4 बजकर 23 मिनट पर शुरू हो रही है और 15 अगस्त सुबह 2 बजकर 7 मिनट पर खत्म हो रही है, इसलिए गुरुवार 14 अगस्त को इसका व्रत रखा जाएगा। हल षष्ठी व्रत का विशेष महत्व है। इसे रखने से व्रती महिलाओं के संतान की सुरक्षा और दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### जगह-जगह ग्रुप में होगी पूजा

शहर में हलषष्ठी पूजा की धूम रहती है। इस पूजा को महिलाएं सामूहिक रूप से करती हैं, इसलिए हर पारा-मोहल्ला या मंदिरों में प्रतीकात्मक तालाब बना कर पण्डितों द्वारा विधि-विधान से सामूहिक पूजा संपन्न करा दी जाती है।



### छह अंक का रहता है महत्व

हलषष्ठी में 6 अंक का बड़ा महत्व रहता है। इस पूजा में 6 मिट्टी की चुकिया, 6 महुआ पत्ता का उपयोग होगा। चुकिया में लाई, चना, महुआ भर कर पूजा की जाएगी। बिना हल वाली जमीन में लगे मिर्ची, छह प्रकार की भाजी एवं भैंस दूध, दही व घी का उपयोग होगा। इस महत्ता के चलते इन सभी चीजों की कीमत सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक रहती है। अभी बाजार में पसहर चावल 120 रूपए से लेकर 140 रूपए प्रति किलों में बिक रहा है। व्रत के निकट आते ही इसकी कीमत दो सौ रूपए से ज्यादा होने की संभावना है। वहीं भैंस दूध, दही व घी भी बढ़ी कीमत में उपलब्ध हो सकेगी। नहाने से पहले महुआ का दातून करने की भी परंपरा है। इस परंपरा का व्रती महिलाएं आज भी निर्वहर करती हैं।



# जन्माष्टमी की तैयारी जोरों पर, उत्सव के लिए सजाए जा रहे मंदिर

जन्माष्टमी शनिवार 16 अगस्त को मनाई जाएगी। इस पर्व को उल्लास से मनाने श्री व्यंकटेश मंदिर, श्री श्याम मंदिरों में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इस्कान बिलासपुर द्वारा जन्माष्टमी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। श्री श्याम मंदिर में अकोला से आए गायक कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे।



**बिलासपुर।** भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को जन्माष्टमी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण का जन्म द्वापर युग में भाद्रपद मास की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र पर हुआ था। 2025 में भगवान श्रीकृष्ण का 5252वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा। अष्टमी तिथि 15 अगस्त को रात 11:49 बजे शुरू होगी और 16 अगस्त को रात 9:34 बजे समाप्त होगी। 16 अगस्त को रोहिणी नक्षत्र का संयोग भी बन रहा है, इसलिए यह दिन जन्माष्टमी मनाने के लिए शुभ माना गया है।

### श्याम मंदिर में अकोला के गायक कलाकार देंगे भजनों की प्रस्तुति, इस्कान में वृंदावन की पोशाक से सजेंगे राधा-कृष्णा







### सजेगा आकर्षक झूला

श्री व्यंकटेश मंदिर में नागपंचमी के दिन से झूला उत्सव आरंभ हो गया है। इसमें प्रतिदिन अलग-अलग झांकी सजाई जा रही है। इसका समापन जन्माष्टमी के दिन होगा। इस दिन सुबह से ही पूजा, आराधना शुरू हो जाएगी। रात्रि के ठीक 12 बजे श्रद्धालु भक्तों की भारी उपस्थिति के बीच कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण को आकर्षक ढंग से तैयार झूले में बैठाया जाएगा। फिर विधि-विधान से पूजा कर भोग लगाए जाएंगे। सभी इस उत्सव का आनंद ले सकेंगे।

### कोलकाता के फूलों से राधा-कृष्ण का होगा श्रृंगार

इस्कॉन विलासपुर इस वर्ष की जन्माष्टमी महामहोत्सव श्रीधाम वृन्दावन की तर्ज पर मनाएगा। भगवान राधा-कृष्ण का श्रृंगार कोलकाता से मंगाए गए फूलों व वृंदावन, मायापुर के पोशाक से होगा। कार्यक्रम के तहत श्री कृष्ण जन्मोत्सव कथा 15 अगस्त शुक्रवार को संध्या 6 से रात्रि 8 बजे एवं 16 अगस्त शनिवार को प्रातः 9 से 11 बजे एवं संध्या 7 से रात्रि 8 बजे होगी। महाअभिषेक संध्या 5 से रात्रि 11 बजे तक, भगवत नाम जप संध्या 5 से रात्रि 11 बजे तक होगी। पंचगव्य पंचामृत अभिषेक संध्या 6 से रात्रि 11 बजे तक, सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या 6 से रात्रि 11 बजे तक चलेगा। श्रृंगार दर्शन मध्य रात्रि 12 बजे से होगा। महाआरती कर छप्पन भोग लगाए जाएंगे। श्री भगवान के जन्म उपरान्त विशेष दान महाअभिषेक सेवा, भोजन प्रसाद सेवा, फूल बंगला सेवा, छप्पन भोग सेवा, भगवान के वस्त्र एवं आभूषण सेवा, ब्राह्मणों को वस्त्र दान, गीता दान, भागवतम् दान किया जाएगा। श्यामा हृदय कमल सो प्रकटयो, वृन्दावन प्यारो वृन्दावन, वृन्दावन मेरो वृन्दावन... की भक्तिमय धुन से माहौल सराबोर रहेगा। करोना चौक, सरकंडा सहित कई स्थानों में युवाओं के दल मटकी फोड़ेंगे।

### कराई जाएगी कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता

घोंघाबाबा परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार 16 अगस्त को आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता दोपहर 3 से 6 बजे तक चलेगी। शाम सात बजे से भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें अकोला से आए गायक कलाकार उमेश शर्मा एवं नेतल शर्मा द्वारा भगवान कृष्ण पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन को सफल बनाने जय श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

### यदुवंशी समाज निकालेगा जिला स्तरीय शोभायात्रा



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर यदुवंशी समाज जिला बिलासपुर द्वारा 16 अगस्त को भव्य जिला स्तरीय शोभायात्रा निकाली जा रही है। बिलासपुर प्रेस क्लब में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव यादव समाज बिलासपुर के पदाधिकारी विष्णु यादव, रामचंद्र यादव, शैलेंद्र यादव, धनु यादव, अमित यादव, अनिल यादव, गौरीशंकर यादव ने बताया कि शोभायात्रा आयोजन का यह लगातार 18 वां वर्ष है। इस वर्ष समाज के युवा, बुजुर्ग, महिला एवं बच्चे पीले वस्त्र में शोभायात्रा में शामिल होंगे। आयोजकों ने बताया कि उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए लखीराम ऑडिटोरियम में फलाहार एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई है। शोभायात्रा में डीजे, धुमाल, गड़वा बाजा, यादव नृत्य, राउत नाचा, जीवंत झांकियां सहित विविध सांस्कृतिक झलकियां शामिल होंगी। शोभायात्रा दोपहर 12 बजे लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर गोलबाजार, सदर बाजार, देवकीनंदन चौक, नेहरू चौक, स्व. बी.आर. यादव की प्रतिमा स्थल, बृहस्पति बाजार होते हुए लखीराम ऑडिटोरियम पहुंच कर आमसभा के रूप में परिणित हो जाएगी।

स्पोर्ट्स न्यूज

## वर्ल्ड कॉटल ब्रांज एथलेटिक्स मीट में पूजा ने जीता स्वर्ण

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन की एथलीट एवं बिलासपुर रेल मंडल में टिकिट कलेक्टर सह वाणिज्य लिपिक के पद पर कार्यरत पूजा ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। पूजा ने 10 अगस्त को भुवनेश्वर में आयोजित वर्ल्ड कॉन्टिनेंटल ब्रॉन्ज एथलेटिक मीट में महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। उसने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी उत्कृष्ट गति और स्टैमिना का प्रदर्शन करते हुए पहले स्थान पर कब्जा जमाकर देश व रेलवे का नाम रौशन किया।




## इंडिपेंडेंस कप कराते में स्वर्ण पदक जीता गुंजन ने

नई दिल्ली में आयोजित आल इंडिया इंडिपेंडेंस कप कराते चैम्पियनशिप में बिलासपुर की कराते खिलाड़ी गुंजन महानंद ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 10 अगस्त तक नई दिल्ली के तालकटोर स्टेडियम में किया गया, जिसमें देश के 28 राज्यों के 2655 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रदेश से 17 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक, 14 रजत पदक, 22 कांस्य पदक प्राप्त किया। बिलासपुर जिले 11 वर्ष बालिका वर्ग में 30 किलोग्राम वजन वर्ग में पहले राउंड में उत्तरप्रदेश के खिलाड़ी को 0-6 से हराकर दूसरे राउंड में मेघालय को, तीसरे राउंड में अरूणाचल प्रदेश के खिलाड़ी को हराकर गुंजन महानंद ने स्वर्ण पदक हासिल किया। गुंजन महानंद के अलावा बिलासपुर के देवाशीष यादव, अरनव एक्का, अवनि पैकरा ने स्वर्ण पदक, रजत पदक एशल सानी, अक्षत पांडेय, युवराज गोगई, आर्या सेट्टी ने, कांस्य पदक नेवान आर पिल्लई, स्वाति ओगरे, महफूज अली, आराधना यादव ने प्राप्त किया।










## डीपीएस के बच्चों ने पीपी डब्लू विंग में किया अंग्रेजी कविता वाचन

**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में 8 अगस्त को पीपी डब्लू विंग में अंग्रेजी कविता वाचन गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के भाषा कौशल, उच्चारण, आत्मविश्वास और मंच पर प्रस्तुति देने की क्षमता को विकसित करना था। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने प्रतिभागियों ने मंच संभाला। अपनी मधुर आवाज में कविताओं का वाचन किया।

बच्चों के भावभंगिमा, स्पष्ट उच्चारण और सटीक लय के साथ कविताएं सुना कर सबका मन मोह लिया। कुछ बच्चों ने कविताओं में नाटकीय अभिनय और हास्यकर रंग भर दिया, तो कुछ ने भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच सजावट ने पूरे माहौल को और भी आकर्षक बना दिया। इस गतिविधि के निर्णायक गण में स्वाति जेम्स एवं मनीषा फ्रांसिस शामिल थे। नर्सरी में-कियान दुबे, हार्दिक सोनी, अव्नी सूर्यवंशी, अविका बेवहर, अदृति सिंह, स्वर्णिम पांडे, राघव श्रीवास, विराज मर्दा। एलकेजी में अवध मिश्रा, कियान झा, अव्नी राणा,पृषा सुतारिया, रेयांश खेत्रपाल,जे. वैदेही , मोहम्मद अर्सलान अली,कर्मण्य बीबे। यूकेजी में राव्या कौर, अरिका जायसवाल , आयुष वर्मा, अद्विक अग्रवाल, अदृति सिंह, अमायरा खान, अव्यान अग्रवाल, शिवन्या घोष, एक्टिविटी के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य जसपाल सिंह माथ एवं प्रशासनिक अधिकारी आर.सी मोहंती ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कविताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास एवं उनकी रुचियों को आगे बढ़ाने में मदद करती है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सांसद स्व. मिनीमाता व क्रांतिकारी खुदीराम बोस को दी श्रद्धांजलि

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) द्वारा 11 अगस्त को पूर्व सांसद स्व. मिनीमाता की पुण्यतिथि और



क्रांतिकारी खुदीराम बोस का शहादत दिवस मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि स्व. मिनीमाता का प्राम्भिक जीवन संघर्ष पूर्ण रहा। वे एक धर्म परायण महिला थी। जिन्होंने सामाजिक उत्थान,कन्या शिक्षा पर जोर दिया। आज़ादी के बाद 1955 में अगमदास के देहांत के बाद उपनिर्वाचन में सांसद बनी और लगातार 1962,1967 और 1971 में लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया। संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ने कहा खुदीराम बोस सबसे कम उम्र के क्रांतिकारी के रूप जाने जाते हैं। जिन्हें 18 की आयु में फांसी दी गई। वे क्रांतिकारी संस्था अनुशीलन समिति के सदस्य थे। उनके निधन के बाद पूरे बंगाल में उनकी पोशाक को लोगो में खासकर युवाओं में पहनने का प्रचलन हो गया था। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, संयोजक ज़फ़र अली,हरीश तिवारी,जितेंद पांडेय,विनोद साहू,त्रिभुवन कश्यप,राजेश शर्मा,वीरेंद्र सारथी,राकेश बंजारे,योगेश सोनी,करम गोरख,चन्दन सिंह,सुनील पांडेय,सुरेंद्र तिवारी,दीपक रायचेलवार,सुभाष ठाकुर,सत्येंद्र तिवारी,राजीव साहू,देवेंन्द्र लोनकर,राज कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

### तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय अधिवेशन की तैयारी बैठक



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का प्रांतीय अधिवेशन एवं जिला शाखा बिलासपुर का शपथ ग्रहण समारोह के लिए आवश्यक तैयारी के संबंध में आज महत्वपूर्ण बैठक कर्मचारी भवन में प्रांत अध्यक्ष जी आर चंद्रा की उपस्थिति में आयोजित की गई। संघ के जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि 24 अगस्त को संघ का प्रांतीय अधिवेशन पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागृह लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में आयोजित की जाएगा। जिसमें संघ के प्रांत अध्यक्ष का निर्वाचन, जिला शाखा के नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण तथा 31 अगस्त तक सेवानिवृत होने वाले पदाधिकारी के सम्मान करने के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श कर संघ के पदाधिकारी को कार्यक्रम की सफलतापूर्वक संपन्न करने उत्तरदायित्व सौंपा गया। इसके साथ ही फेडरेशन द्वारा 22 अगस्त को 11 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल में अधिकाधिक पदाधिकारीयों एवं सदस्यों को शामिल होने का आह्वान किया गया। आज की बैठक में जी आर चंद्रा, पवन शर्मा, ओम त्रिपाठी, रामकुमार यादव, किशोर शर्मा ,अजय धुर्वे, चंद्रशेखर यादव, हिमाचल साहू, भोला ध्रुव,राजकुमार कोरी, लखन श्रीवास, जी आर वस्त्रकार, सुरेश ठाकुर, राजेश्वर वस्त्रकार, विनोद अहिरवार, अभिषेक तिवारी अशोक छत्री, आदि शामिल हुए।

### आम्बेडकर स्कूल में भक्ति गीतों पर आधारित गायन प्रतियोगिता 15 को



**बिलासपर।** डॉ. आम्बेडकर स्कूल मगरपारा में 15 अगस्त को संध्या 6 बजे से रात 10 बजे तक देश भक्ति गीतों पर आधारित गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें महेश चन्द्रिकापुरे, सारंग राव हुमने विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इसे सफल बनाने समाज के लोगों की बैठक आयोजित की गई। भारतीय बौद्ध महासभा बिलासपुर के जिलाध्यक्ष राजेश हुमने एवं राजेश रामटेके ने बताया कि यह प्रतियोगिता महानायक किशोर कुमार को एक श्रांद्धाजलि स्वरूप एवं देश भक्ति गीत और किशोर कुमार के गीतों की रंगारग प्रस्तुती दी जाएगी। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के फिल्म कलाकार भी आ रहे है। यह कार्यक्रम ओमन मंच में ही रहता है। किशोर कुमार, मोहम्मद रफी साहब, लता मंगेशकर, आशा भोसले के गाने की भी प्रस्तुती दे सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने संपर्क कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार के लिए सुबोध रंगारी, मधुकर वासनिक, राजेश नायक, सूर्यकान्त भालाधरे, बसंत ओडकार, प्रफुल्ल नायक, विनय नायक, विजय पाटिल, दिलीप मेश्राम, कैलाश गजभिये, एस.आर.वाल्के, राजेश रामटेके राजेश हुमने द्वारा आवश्यक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

### अमरनाथ शाह - आशीर्वाद शाह धर्मादा सेवा ट्रस्ट के रमेश अध्यक्ष

**बिलासपुर।** समाज सेवी अमरनाथ शाह - आशीर्वाद शाह धर्मादा सेवा ट्रस्ट का गत दिनों चुनावी बैठक हुई। इसमें अमरनाथ शाह-आशीर्वाद शाह धर्मादा सेवा ट्रस्ट का वर्ष



2025-26 के लिए रमेश गुप्ता को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया। रमेश गुप्ता ने कहा ट्रस्ट कार्यकारणी कि घोषणा शीघ्र की जाएगी। जिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण कुछ लोगों की शिक्षा अधूरी रह जाती है और वह डॉक्टर इंजीनियर चार्टर्ड अकाउंटेंट या अन्य शिक्षा से वंचित हो जाते हैं ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि शिक्षा को बढ़ावा देते हुए शिक्षा की मदद के लिए आगे बढ़े। इसलिए ट्रस्ट सदस्यों को जोड़ा जा रहा है, इसमे जरुरत पड़ने पर प्रति सदस्य से 16 रुपए (सोलह) की मदद लेकर, आवेदक के खाते में डायरेक्ट जमा की जाएगी। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी पढाई ना रुके। इसलिए इसमें सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। कुछ दिनों में ही मोबाइल ऐप लांच किया जाएगा। उक्त बैठक में धीरेन्द्र गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता, रमेश कुमार गुप्ता विनोद गुप्ता, किशोरी शरण गुप्ता, निशा गुप्ता, रिशेष गुप्ता, विशेष गुप्ता, दीपा गुप्ता, सुजाता गुप्ता, बिंदुबाला गुप्ता, अजय गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, गोपाल गुप्ता, भोला गुप्ता, रामकुमारी गुप्ता उपस्थित रहे।



# बिना बारिश अंडरब्रिज लबालब

**बिलासपुर।** बारिश बंद होने के बावजूद लोखंडी के अंडरब्रिज में लबालब पानी भरने के कारण लोगों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई है। इसकी जानकारी होने के बाद भी रेल प्रशासन ने अब तक लोगों की समस्या हल नहीं की है।

बिलासपुर से करगीरोड कोटा स्टेशन के बीच लोखंडी का रेल क्रासिंग है। यहां प्रतिदिन कोयला लोडेड हैवी गाड़ियों के अलावा 5 हजार से अधिक लोगों का आना-जाना रहता था। बिलासपुर-कटनी सेक्शन के बीच की मुख्य लाइन होने की वजह से रेल क्रासिंग के बेरियर घंटों बंद रहने से लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। इसे देखते हुए करीब 6 साल पहले 12 करोड़ रुपए की लागत से अंडरब्रिज का निर्माण कार्य किया गया। लोखंडी रेल क्रासिंग के दोनों ओर लाइन के नीचे बनाए गए अंडरब्रिज में 8 से अधिक बाक्स पुशिंग के साथ आगमन और बाहर निकलने वाले रास्ते के ऊपर शेड लगाने का भी काम हुआ। इस काम में एक साल तक के लिए आवागमन प्रभावित रहा। अंडरब्रिज बनने के बाद लोगों की समस्या दूर होने के बजाय और बढ़ गई है। लोखंडी अंडरब्रिज का ऐसा हाल है कि उसमें बनाए गए रास्ते पर जगह-जगह गड्ढे और धूल के कारण लोग काफी परेशान रहते हैं। गर्मी और ठंड के मौसम में लोगों को थोड़ी राहत तो मिलती है, लेकिन सबसे अधिक तकलीफ बारिश के मौसम में होती है। प्रतिवर्ष बारिश के मौसम में अंडरब्रिज के अंदर पानी इतना अधिक भर जाता है कि उसे निकालने में दो से तीन का समय लगता है। वर्तमान में इससे भी बदत्तर हालत अंडरब्रिज की हो गई है। पिछले 10 दिन से बारिश नहीं होने के बावजूद भी अंडरब्रिज के अंदर पानी लबालब भरा हुआ है, जहां लोगों के कमर तक पानी भरने के कारण आने-जाने में समस्या हो रही है।

### संबंधित विभाग को देंगे जानकारी

बिना बारिश के पानी भरने की समस्या किसी भी अंडरब्रिज में नहीं होना चाहिए। यह कार्य इंजीनियरिंग विभाग की ओर से किए जाते हैं। अगर लोखंडी रेल क्रासिंग के अंडरब्रिज में इस तरह की समस्या है तो इसकी जानकारी विभाग को दी जाएगी।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## बिलासपुर के वन महोत्सव में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

# प्रकृति को दें मां के जैसा सम्मान : साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि शासन की योजना के तहत सभी को एक पेड़ मां के नाम के तहत अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। हम सबका कर्तव्य है कि हम प्रकृति को भी अपनी मां के जैसा सम्मान दें, क्योंकि जो आज हम करेंगे वही भविष्य के लिए भी लाभकारी रहेगा।

सोमवार की दोपहर 3.30 बजे बिलासपुर वन मंडल के तत्वावधान में वन महोत्सव में एक पेड़ मां के नाम 2.0 का आयोजन सकरी के वन चेतना केन्द्र में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के डिप्टी सीएम अरूण साव ने कहा कि 1950 से अनवरत वन महोत्सव मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ का 44 फीसदी क्षेत्र वनों से आच्छादित है। 55812 वर्ग किलोमीटर भूभाग वनों से घिरा है। इसकी वजह से ही कोरोना जैसी महामारी पर विजय पाने में सफल हो सके। पौधरोपण कार्यक्रम के कारण वनों का क्षेत्रफल लगातार बढ़ रहा है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम अपनी



पौधरोपण करते डिप्टी सीएम सहित अन्य जनप्रतिनिधि।

आने वाली पीढ़ी को अच्छे पर्यावरण की सौगात दें। पर्यावरण को संरक्षित, पल्लवित और पुष्पित करना होगा। मां का हमारे जीवन में बहुत महत्व है, जिस प्रकार मां हमारा जीवन भर पालन पोषण करती है, उसी प्रकार एक वृक्ष भी जीवनभर हमारे लिए करते हैं। प्रधानमंत्री ने यही सोचकर मां से पेड़ को जोड़कर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरु किया है। अपनी मां की तरह ही हमें वृक्ष को भी सम्मान देने के साथ पर्यावरण और जल संरक्षण के महत्व को समझना होगा। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। बिल्हा ब्लाक में इस दिशा में अच्छा प्रयास किया गया। यहां एक ही दिन में 60 हजार से अधिक पौधे लगाए गए। तखतपुर के विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए। हमें वृक्षों का महत्व समझना होगा। अपने प्रदेश के साथ क्षेत्र को भी हरा भरा बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि प्रकृति हमारी मां की तरह है। प्रकृति हमें सब कुछ देती है। पर्यावरण का संतुलन बिगाड़कर उसपर सबसे बड़ा कुठाराघात किया है। हमें अपने विशेष अवसर जैसे जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ पर पौधे लगातर उसे अविष्मरणीय बनाना चाहिए।

इस दौरान बिलासपुर वन वृत्त के सीसीएफ प्रभात मिश्रा ने स्वागत भाषण और कार्यक्रम का संचालन डिप्टी रेंजर जितेन्द्र साहू ने किया। कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, तखतपुर जनपद अध्यक्ष डॉ. माध्वी संतोष वस्त्रकार, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी रजनेश सिंह, बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ विपुल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित फारेस्ट अफसर व स्टाफ सहित स्कूल के बच्चे मौजूद थे।

# अटल विवि में नए रजिस्ट्रार गौतम ने संभाला पदभार



**बिलासपुर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नियुक्त अटल यूनिवर्सिटी के नए रजिस्ट्रार डॉ. तार्निश गौतम ने सोमवार को यूनिवर्सिटी पहुंचकर पदभार संभाल लिया है। उनके पदभार लेने के बाद यूनिवर्सिटी के अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षकों सहित शहर से भी कुछ विद्यार्थी उनसे मिलने पहुंचे थे। रजिस्ट्रार गौतम ने सभी को साथ लेकर कुछ बेहतर काम करने की बात कही है। उच्च शिक्षा विभाग ने जिला जांजगीर-चांपा के पामगढ़ स्थित भीमराव अंबेडकर शासकीय कालेज में हिन्दी के सहायक प्राध्याक डॉ. तार्निश गौतम को अटल यूनिवर्सिटी का प्रभारी रजिस्ट्रार बनाया है। श्री गौतम आज दोपहर यूनिवर्सिटी पहुंचकर रजिस्ट्रार का पदभार संभाल लिया है। श्री गौतम के पदभार लेने के बाद यूनिवर्सिटी के अधिकारी-कर्मचारी उनसे मिलने पहुंचे थे, वहीं शहर से भी कुछ छात्रों ने उनसे मुलाकात की। जिस पर श्री गौतम ने उनसे भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए छात्रहित में कार्य करने का आश्वासन दिया।

# विधायक ने की तिरंगा साइकिल रैली की अगुआई



**बिलासपुर।** आजादी के 79 वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भव्य तिरंगा साइकिल रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ बिल्हा विधायक धर्मलाल कौशिक ने रिवर व्यू से हरी झंडी दिखा कर किया।कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी रजनीश सिंह ने रैली की अगुआई की। रैली में स्कूली बच्चों ने हर घर तिरंगा का संदेश दिया।

तिरंगा सायकिल रैली लाला बहादुर शास्त्री स्कूल मार्ग, सिटी कोतवाली चौक, गोल बाजार मार्ग, देवकीनंदन चौक और नेहरू चौक से होते हुए न्यू सर्किट हाउस तक पहुंची। स्कूली छात्रों ने तिरंगा लहराकर जोश और उत्साह से देशभक्ति के गीत गाए और वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारे लगाए। छात्रों ने सभी नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान में भागीदारी की अपील की। बिल्हा विधायक धर्मलाल कौशिक, कलेक्टर संजय अग्रवाल, निगम कमिश्नर अमित कुमार, पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह,जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने रैली की अगुआई की। श्री कौशिक ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है और ऐसी रैलियां राष्ट्रीय भावना को सशक्त करती हैं और लोगों को जागरूक करती है। उन्होंने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को देशभक्ति और संविधान के प्रति सम्मान की भावना जगाना हम सब का दायित्व है। रैली में शामिल स्कूली छात्रों ने हर घर तिरंगा अभियान में भागीदारी करने पर खुशीजताई। सायकल रैली का समापन न्यू सर्किट हाउस में हुआ।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान से मिले राज्यमंत्री तोखन



**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद तोखन साहू ने आज केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाक़ात की। इस दौरान बिलासपुर संसदीय क्षेत्र में स्थित गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय सहित केंद्र सरकार द्वारा संचालित स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

बैठक में छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने, खेल सुविधाओं का विस्तार करने और युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस पहल करने पर जोर दिया गया। दोनों नेताओं ने राज्य के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक खेल संसाधन और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करने पर सहमति जताई। छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन एवं कांकेर से पूर्व सांसद मोहन मंडावी ने आज दिल्ली स्थित निवास पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से सौजन्य मुलाक़ात की।

### प्रस्ताव मंत्रालय में प्रेषित

मां महामाया मंदिर, रतनपुर के विकास के लिए प्रसाद योजना में शामिल करने का प्रस्ताव मंत्रालय में प्रेषित। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू द्वारा महामाया मंदिर, रतनपुर को प्रसाद योजना में शामिल कर विकसित करने के संबंध में भेजे गए प्रस्ताव पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सकारात्मक पहल की है। श्री शेखावत ने 7 अगस्त 2025 को भेजे पत्र में सूचित किया कि श्री साहू का अनुरोध मंत्रालय में संबंधित अधिकारी को उचित कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया गया है।

## बिजनेस प्लस

# साड़ी संसार में सोनम को मिली सोने की अंगूठी




**बिलासपुर।** श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित साड़ी संसार के 25 वीं वर्षगांठ एवं राखी व तीजा पर्व के अवसर पर एक विशेष ऑफर चलाया जा रहा है।

तीन हजार की खरीदी करने पर एक कूपन दिया जा रहा है। इसका पहला ड्रा 10 अगस्त को निकाला गया। जिसमें पहला इनाम सोने की अंगूठी सोनम सिंग सरकंडा, दूसरा इनाम सोने का सिक्का अंकित गुप्ता उसलापुर, तीसरा इनाम चांदी का पायल गरिमा यादव सकरी और चौथा इनाम ट्रॉली बैग निखिल सिंग कोनी ने जीता। इसी तरह पांचवा इनाम क्रॉकरी सेट अल्का जरहाभाटा को मिला है। साड़ी संसार के डायरेक्टर ने बताया कि हमारे द्वारा चलाई जा रही उपहार योजना का संस्थान का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस ड्रा को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह है। हर दिन खरीददारी करने साड़ी संसार पहुंच रही हैं। इससे दुकान में सुबह-शाम तक लोगों की काफी भीड़ देखी जा सकती है। साड़ी संसार के ड्रा में शामिल होने का यह बढ़िया अवसर है।

## हेल्थ प्लस

# मार्क हॉस्पिटल में डायलिसिस की अत्याधुनिक सुविधा

बिलासपुर। मार्क हॉस्पिटल में किडनी संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए अत्याधुनिक डायलिसिस सुविधाएं उपलब्ध है। जो अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट की देखरेख में संचालित होती हैं। यहां डायलिसिस की सभी उन्नत तकनीकें मौजूद हैं, जिससे मरीजों को सुरक्षित और प्रभावी इलाज मिल सके। अस्पताल में हेमा डायलिसिस, पर्माकैथ टनल डायलिसिस और सीपीडी (पेरिटोनियल डायलिसिस) जैसी सेवाएं दी जाती हैं। हेमा डायलिसिस में विशेष मशीन से रक्त को साफ किया जाता है। पर्माकैथ टनल डायलिसिस लंबी अवधि के लिए कैथेटर से किया जाता है, जबकि सीपीडी तकनीक पेट की परत के माध्यम से डायलिसिस करने की सुविधा देती है, जिससे मरीज को अधिक लचीलापन और सुविधा मिलती है। इसके साथ ही मार्क हॉस्पिटल में किडनी बायोप्सी की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे किडनी रोगों का सटीक निदान किया जा सकता है। यहां की नेफ्रोलॉजी टीम केवल इलाज ही नहीं, बल्कि मरीज की संपूर्ण देखभाल पर ध्यान देती है, जिसमें आहार, जीवनशैली और दवा प्रबंधन जैसे पहलू शामिल हैं। मार्क हॉस्पिटल एनएबीएच मान्यता प्राप्त टर्शियरी केयर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल है, जो अपनी उच्च गुणवत्ता, आधुनिक मशीनों और अनुभवी चिकित्सा टीम के लिए जाना जाता है। अस्पताल में इमरजेंसी सेवा, आईसीयू, सीटी स्कैन, पैथोलॉजी और फार्मेसी की सुविधा उपलब्ध है, जिससे मरीजों को एक ही स्थान पर संपूर्ण चिकित्सा सेवाएं मिलती हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि वे मरीजों को सुरक्षित, आरामदायक और भरोसेमंद चिकित्सा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ, संक्रमण नियंत्रण के सख्त मानक और अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाता है। नियमित डायलिसिस एक लंबी और संवेदनशील प्रक्रिया है, जिसमें डॉक्टर और स्टाफ की सतर्कता और अनुभव बेहद अहम भूमिका निभाते हैं। मार्क हॉस्पिटल इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता और सेवाओं की गुणवत्ता के कारण मरीजों का भरोसा जीत चुका है, और यहां दूर-दराज से भी लोग इलाज के लिए आते हैं।

## चीफ जस्टिस सिन्हा ने दिलाई शपथ

# जस्टिस रविंद्र अग्रवाल ने ली स्थायी जज के रूप में शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने जस्टिस रविंद्र अग्रवाल को स्थायी जज के रुप में सोमवार को शपथ दिलाई।

यह कार्यक्रम चीफ जस्टिस से न्यायालय कक्ष में आयोजित किया गया। इस दौरान हाईकोर्ट के सभी जस्टिस मौजूद थे। इसके साथ ही रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय के विधि अधिकारी व अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही। उल्लेखनीय है कि विधि एवं विधायी कार्य विभाग नई दिल्ली द्वारा 07 अगस्त 2025 को न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किए जाने हेतु अधिसूचना जारी की गई है। सोमवार को हुए इस शपथ ग्रहण



कार्यक्रम में महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन. भारत, डिप्टी सॉलिसिटर जनरल रमाकान्त मिश्रा, अध्यक्ष उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ उमाकांत चंदेल, वरिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित थे।ध्यान रहे कि तीन फरवरी 2023 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने अपने दो वरिष्ठतम सहयोगियों के परामर्श से अधिवक्ता रविंद्र कुमार अग्रवाल को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नामित करने की सिफारिश की थी। चीफ जस्टिस की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री व राज्यपाल ने अपनी सहमति जताई। इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा अतिरिक्त जज के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की गई। जस्टिस श्री अग्रवाल की 2 अक्टूबर 2023 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में अतिरिक्त जस्टिस के पद पर नियुक्ति हुई थी।

### भाटापारा में जन्म, 1993 कर रहे वकालत

ज्ञात हो कि जस्टिस अग्रवाल का जन्म भाठापारा में 31 जुलाई 1968 को हुआ। पिता डॉ जीपी अग्रवाल रिटार्यड सर्जिकल स्पेशलिस्ट थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा रायपुर एवं बिलासपुर में हुई। उन्होंने राजनांदगांव के शासकीय डिग्री कॉलेज से बीएससी करने के बाद यहीं से 1991 एलएलबी व सितंबर 1992 से बिलासपुर जिला न्यायालय सहित विभिन्न अदालतों में वकालत किया। वर्ष 2000 से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में प्रैक्टिस प्रारंभ किया। सिविल एवं क्रिमनल मामले सहित अन्य प्रकरण में उन्हें विशेषज्ञता है। राज्य के शासकीय अधिवक्ता सहित विभिन्न संगठनों के भी वे पेनल लॉयर रहे।

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब की चित्र कला प्रतियोगिता 15 को

**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर द्वारा 15 अगस्त को सुबह 10. 30 बजे से लायंस भवन में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष हर्ष पान्डेय ने बताया कि इसमें कक्षा 6 से 8 ए वर्ग व कक्षा 9 से 12 बी वर्ग के लिए अलग अलग विषय चित्र बनाने के लिए दिए जाएंगे जो वहीं बताया जाएगा। सभी प्रतिभागी अपने साथ पेंटिंग सामग्री लेकर आएंगे। प्रतियोगिता सुबह 11 बजे से शुरू होगी व एक घंटा चित्र बनाने के लिए दिया जाएगा। ड्राइंग सिट क्लब द्वारा दी जाएगी। कार्यक्रम में संयोजक सुभाष अग्रवाल एवं अरविन्द दीक्षित, विमल केडिया, जीएल जैन, जीएम गुप्ता, देवेन्द्र टुटेजा, नरेन्द्र पाल गांधी, संजय गुप्ता, राम सिंह स्वर्णकार व मोहन होनप, अरूण शुक्ला व ई सागरी है। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण भी इसी दिन दोपहर 1.30 बजे लायंस भवन में अतिथियों के द्वारा किया जाएगा।

### रात 3.30 बजे बार में मैनेजर ने की मारपीट

**बिलासपुर।** रात 3 बजे बार में स्नैक्स मंगाने को लेकर हुए



विवाद में मैनेजर ने एक ग्राहक के साथ जमकर मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस के अनुसार, बलौदाबाजार निवासी मनीष शर्मा पिता श्रीराम जीवन शर्मा 10 अगस्त को व्यापार के सिलसिले में व्यापार विहार आए थे। काम निपटाने के बाद देर रात वह बीयर पीने सूर्या बार गए थे। उन्होंने वेटर से स्नैक्स मंगाया तो वह नहीं ला रहा था। जल्दी लाने बोलने पर रात 3.30 बजे मैनेजर प्रशात सिंह व अन्य कर्मचारियों ने ऐसा ग्राहक नहीं चाहिए कहते हुए जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर मैनेजर व अन्य कर्मचारियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एलआईसी एजेंट के घर डेढ़ लाख की चोरी

**बिलासपुर।** एलआईसी एजेंट के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर डेढ़ के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका रामकृष्णनगर निवासी एलआईसी एजेंट मनोज चंद्राकर परिवार के साथ 10 अगस्त को शाम 6.30 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर गृहग्राम जोंधरा मस्तूरी चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके घर में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व 22 हजार रुपए नकद चोरी कर भाग गए। 11 अगस्त वे घर लौटे तो चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ग्रामीण की नदी में डूबकर मौत

**बिलासपुर।** मछली मारने गए ग्रामीण की नदी में डूबकर मौत हो गई है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, उडांगी धौंराकोना निवासी राजू धनवार पिता कुंवर सिंह 40 साल सोमवार को गांव के लीलागर नदी में मछली मारने गए थे। मछली मारने के दौरान गहराई में चले जाने से उनकी डूबकर मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### मेडिसिन और न्यूरो के साथ स्किन विभाग में मरीजों की भीड़

# दो दिन की छुट्टी के बाद 2100 मरीज सिम्स पहुंचे, एमएस ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम की मार के आने हर कोई बेबस है। उमस भरी गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। यही कारण है कि दो दिन की छुट्टी के बाद सिम्स अस्पताल में 21 सौ से अधिक मरीज ओपीडी में इलाज करने पहुंचे। एकाएक अस्पताल में भीड़ लगने के कारण व्यवस्था ध्वस्त हो गई। सुबह 11 से 1 बजे तक मरीजों की भीड़ के आगे सिम्स की सारी व्यवस्था चौपट हो गई, ऐसे में अधीक्षक डॉ लखन सिंह को स्वयं ही ओपीडी में मरीजों का इलाज करने पहुंचना पड़ा। इस दौरान 2 बजे तक 2036 मरीजों की पर्ची कट चुकी थी।

- **दो बजे तक 2036 मरीजों की हो चुकी थी एंट्री**

लगातार दो दिनों की छुट्टी के बाद सिम्स में सोमवार को ओपीडी खुली, इस दौरान डाक्टर और स्टाफ मौजूद रहे, लेकिन भीड़ के आगे व्यवस्था बौनी नजर आई। इस दौरान मेडिसिन विभाग में 415, स्कीन में 316, न्यूरो विभाग में 225 और ईएनटी विभाग में 246, गायनिक 361, आर्थो 189 व अन्य 284 मरीजों की पर्ची कटी। मरीजों की तादात में एकाएक बढ़ोत्तरी के कारण पर्ची काटने और टोकन लेने का सिस्टम ध्वस्त हो गया। स्टाफ ने समय अभाव को देखते हुए मरीजों को सीधे ओपीडी में डाक्टर को दिखाने की सलाह दी गई। इस दौरान अधीक्षक डॉ लखन सिंह को इसकी जानकारी दी गई, जिसके बाद उन्होंने स्वयं ही ओपीडी में मरीजों का इलाज करने का दायित्व उठाया। न्यूरो विभाग में भीड़ होने के कारण उन्होंने वहां के मरीजों को मेडिसीन ओपीडी में बुलाया और इलाज किया।



सोमवार को सिम्स के ओपीडी में पर्ची कटवाने लगी रही लंबी कतार।

### डायरिया व पीलिया के मिल रहे मरीज, जांच बंद

शहर में डायरिया और पीलिया के लगातार मरीज मिल रहे हैं। सोमवार को डायरिया के 17 मरीज सामने आए है। वहीं पीलिया से 4 मरीज प्रभावित हो चुके है। बताया जा रहा है कि पानी की खराबी के कारण डायरिया और पीलिया के मरीज मिल रहे है लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी की जांच बंद है। सबसे ज्यादा सरकंडा में मरीज मिल रहे है। वहीं सर्दी, खांसी और बुखार के 77 मरीज शहर के स्वास्थ्य केन्द्रों में अपना इलाज करा रहे हैं।

### मौसम के कारण बढ़ी परेशानी

उमस भरी गर्मी के कारण लोगों में वायरल का प्रकोप देखा जा रहा है, मेडिसीन विभाग में 415 मरीज पहुंचें, इस दौरान पीलिया, डायरिया और बुखार के मरीज भी थे। सबसे खास बात यह है कि इस दौरान 16 से 38 वर्ष के बीच के मरीज अधिक थे। डॉ लखन सिंह ने बताया कि सर्दी - खांसी आम बीमारी है, लेकिन इस दौरान वायरल फीवर की समस्या लेकर ज्यादा आ रहे है। मरीज थोड़ी सी दिक्कत के लिए सीधे न्यूरो पहुंच जाते है। न्यूरो में भीड़ ज्यादा थी, ऐसे में उन्हें भी मेडिसीन वार्ड में देखा गया है। दोपहर 2 बजे के करीब सभी तरह की व्यवस्था सुचारू हो गई थी।

### बाइक व नकद रकम लूटकर भाग रहे थे आरोपी



# लुटेरे बाइक से गिरकर हो गए घायल, पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक ही रात दो लोगों से बाइक व नकद रकम लूटकर भागते समय लुटेरे बाइक से गिरकर घायल हो गए। इलाज के लिए अस्पताल जाते समय पुलिस ने घेराबंदी के दौरान इनोवा सवार चार युवकों को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर चारों ने लूटपाट करना स्वीकर लिया है। उनके कब्जे से लूटी गई बाइक व नकद रकम बरामद कर लिया गया है। वहीं वारदात में प्रयुक्त इनोवा जब्त कर ली गई है।

- **चार आरोपी गिरफ्तार, इनोवा जब्त**

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, 9 अगस्त की रात बिजली आफिस के पास बलराम मंडावी को इनोवा सवार चार युवकों ने रोक लिया। उनके साथ मारपीट करते हुए बाइक लूटकर दो युवक बाइक लेकर भाग निकले। भागने के दौरान दोनों युवकों ने रहंगी पेट्रोल पंप के पास शिवकुमार सूर्यवंशी से मारपीट कर 9 हजार रुपए भी लूटा। रात में दोनों पीड़ित रिपोर्ट लिखाने चकरभाठा थाना गए। उसी समय रात्रि गश्त ड्यूटी में टीआई उत्तम साहू थाना पहुंचे। पीड़िता से पूछताछ करने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उन्होंने 6 पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर तीन अलग अलग बाइक से लुटेरों की तलाश में निकल गए। क्षेत्र में पतासाजी करने के बाद रायपुर बिलासपुर मार्ग में घेराबंदी की गई। इसी दौरान सफेद रंग की इनोवा बिलासपुर की ओर जाते दिखी। पुलिस ने उसे रोका तो उसमें चार युवक सवार थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि दो युवकों को बाइक से गिरने से चोट आई है, वे उन्हें इलाज के लिए सिम्स लेकर जा रहे हैं। टीआई श्री साहू ने उसमें से एक युवक को पहचान लिया, वह चोरी के मामले में पकड़ा गया था। वे चारों युवकों को पकड़कर थाने लेकर गए। युवकों को देखकर प्राथियों ने पहचान लिया इनके द्वारा ही लूट की गई है। कड़ाई बरतने पर चारों युवकों ने लूटपाट करना स्वीकर कर लिया। उनकी निशानदेही पर लूट की बाइक व नकद रकम बरामद कर लिया है। वहीं वारदात में प्रयुक्त इनोवा जब्त कर लिया है। लूटपाट करने के बाद दो आरोपी भाग रहे थे, इसी दौरान गिरकर घायल हो गए थे। उसके बाद इनोवा सवार साथी दोनों को इलाज कराने के लिए सिम्स लेकर जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### भाजपा नेत्री के घर चोरी ड्राइवर गिरफ्तार

भाजपा नेत्री के घर से चोरी के मामले में पुलिस ने फुटेज के आधार पर उनके पुराने ड्राइवर को पकड़कर चोरी के जेवर बरामद कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, 10 अगस्त को चकरभाठा निवासी भाजपा नेत्री दुर्गा कौशिक के घर से सोने का लाकेट, टाप्स, सोने की मोती माला सहित 45 हजार के जेवर की चोरी कर ली गई थी। सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक व्यक्ति उनके घर के पास घूमते हुए नजर आ रहा था। भाजपा नेत्री ने फुटेज से उसकी अपने पुराने ड्राइवर के रूप में पहचान की। टीआई उत्तम साहू संदेही व्यक्ति के घर गए तो उनके घर में ताला लटका मिला। आसपास में पूछताछ करने के बाद उसके ससुराल में दबिश देकर हिर्री माइंस निवासी वीरेन्द्र विश्वकर्मा पिता पितांबर विश्वकर्मा 22 साल को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी के जेवर बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### ड्राइवर ने की लूटपाट

टीआई श्री साहू ने जब्त इनोवा रहंगी निवासी सोनू यादव की है। आरोपी विक्रम यादव उसके पास ड्राइवर का काम करता है। वह गाड़ी लेकर अपने घर चला गया और साथियों के साथ शराबखोरी करने के बाद राहगीरों से मारपीट कर लूटपाट कर रहा था।

### पकड़े गए आरोपी

- शैलेन्द्र ध्रुव पिता स्व. रत्नू ध्रुव 25 सा जोगीपरु रहंगी
- अनुराग गोस्वामी पिता वीरेन्द्रपुरी गोस्वामी 19 साल जोगीपुर रहंगी
- विक्रम यादव पिता गोपाल यादव इमलीडीह तेलीबांधा रायपुर
- दीपक दास मानिकपुरी पिता चेतन दास मानिकपुरी 22 साल पीडब्ल्यू कालोनी बलौदाबाजार

# बहन के साथ जा रहे युवक से मारपीट, चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक फिर बीती रात टिकरापारा में बहन के साथ दोस्त के घर जा रहे युवक को रोककर दो बाइक पर सवार चार युवकों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके पैर में चोट आई है। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, अम्बिकापुर गांधीनगर निवासी दिवाकर यादव पिता घनश्याम यादव बिरकोना रोड़ कृष्णा विहार में किराए के मकान में रहकर जीजीयू में लॉ की पढ़ाई कर रहे हैं। साथ में उनकी बहनें आचंद यादव, आकांक्षा यादव, जान्हवी यादव रहकर पढ़ाई कर रही हैं। 10 अगस्त को उनका दोस्त मोपका निवासी आयुष राय उनके घर आया था। रात 11.30 बजे आयुष ने उनसे कहा कि नए मकान में शिफ्ट हुए हो, सामान ठीक से जमा नहीं है, आज उनके घर में रूकना। उसके बाद दो गाड़ी वे मैग्नेटो मॉल के पास से बिरियानी लेकर आयुष के घर जा रहे थे। रात 1 बजे टिकरापारा जलाराम मंदिर के पास दो बाइक पर सवार चार युवक आए और चलती गाड़ी में उनकी बाइक की चाबी निकाल ली। उसके बाद युवकों ने दिवाकर यादव के साथ गाली गलौज कर मारपीट करते हुए चाकू से जांघ पर हमला कर दिया। पीछे बैठी उनकी बहन के साथ भी मारपीट की गई। आयुष ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई है।

- **लगातार हो रही चाकूबाजी की घटनाएं**
- **टिकरापारा में युवक को चाकू मारे जाने से दहशत का माहौल**

हमलावर युवक रिपोर्ट लिखाने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने दिवाकर यादव की रिपोर्ट पर अज्ञात बाइक सवार चार युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351 के तहत जुर्म दर्ज किया है। दूसरे दिन भी पुलिस हमलावरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर युवती से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, दूसरे जिले से आकर शहर में एक युवती किराए का मकान खोज रही थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात लोरमी वार्ड क्रमांक 2 मीलपारा निवासी शानू उर्फ सलमान मिर्जा 28 साल से हुई। उसने युवती को किराए में मकान दिया। उसके बाद दोनों के बीच जान पहचान हो गई। इसी दौरान वह युवती को एक होटल में लेकर गया और नशे में जोर जबरदस्ती कर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद वह शादी करने का आश्वासन देकर लगातार संबंध बनाता रहा है। युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने युवती रिपोर्ट पर अपराध कायम कर युवक के पतासाजी में जुट गई। सोमवार को एएसआई चंद्रकांत डहरिया ने आरोपी शानू उर्फ सलमान मिर्जा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## जूना बिलासपुर में दो युवकों पर हमला, सिम्स में भर्ती



कोतवाली पुलिस के अनुसार, सोमवार की रात 8.30 बजे जूना बिलासपुर निवासी उमेश शर्मा पैदल नागोराव स्कूल की ओर जा रहे थे। मोड़ पर बाइक सवार युवकों ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होने देखकर गाड़ी चलाने कहा तो युवकों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। अरमान खान बीच बचाव करने आए तो उन पर भी चाकू हमला कर हमलावर भाग निकले। दोनों घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### बटनदार चाकू अड़ाकर पैसे की मांग, जुर्म दर्ज

सरकण्डा पुलिस के अनुसार,कपिल नगर गली नम्बर 3 निवासी नितेश कुमार ताम्रकार पिता कमल ताम्रकार 10 अस्त की रात 12.30 बजे बिलासा बैंक से काम करने के बाद दोस्त चंद्रकुमार के साथ घर जा रहे थे। कपिल नगर गली नम्बर 3 में अनिकेत तिवारी, रौनक साहू उन्हें रोककर गले में बटनदार चाकू अड़ाकर शराब के लिए पैसा मांगने लगे। मना करने पर वे गाड़ी की चाबी निकालने की कोशिश करने लगे। चंद्रकुमार ने बीच बचाव किया तो किसी तरह दोनों जान बचाकर भागने में कामयाब हुए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 119, 1, 126, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



### पुरानी रंजिश में युवक को मारा चाकू

तारबाहर पुलिस के अनुसार, बसीर अहमद काम्पलेक्स में किराए के मकान में रहने वाला कादिर खान पिता शब्बीर खान 9 अगस्त की रात 10 बजे अपने बुआ के घर चंदुवाभाठा जा रहे थे। रात 12.30 बजे कृष्णा नेत्रालय के पास शराब पी रहे युवकों ने उन्हें रोककर हाथ मुक्का से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। जिससे बाएं हाथ, गले में चोट आई है। युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# स्कार्पियो चालक ने 5 लोगों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### रिवर व्यू रोड के पास रामसेतु पर हुआ हादसा

तेज रफ्तार स्कार्पियो चालक ने 5 लोगों को ठोकर मारते हुए दुर्घटना को अंजाम दिया, इस हादसे में एक युवक गंभीर तौर पर घायल हो गया। चालक ने उसे रौंदने की कोशिश की, जिसके चलते उसके घुटने की कटोरी टूट गई। सिम्स के स्टाफ ने उसे गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती कराया है। वहीं शिकायत के बाद यातायात पुलिस तत्काल पहुंची, लेकिन इस दौरान स्कार्पियो चालक गोल बाजार की ओर भागने लगा, पुलिस को देख वह मोके से फरार हो गया। पुलिस अधिकारियों ने वाहन को जब्त कर लिया है।

- **युवक का घुटना टूटा, चालक फरार**

राम सेतु चौक मेट्रो स्टूडियो के पास बाइक सवार युवक व युवती को स्कार्पियो चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि युवक बाइक समेत उछल गया, इसके बाद भी स्कार्पियो चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और युवक को रौंदने का प्रयास किया। कुछ लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सिम्स में कार्यरत स्टाफ दिनेश निर्मलकर ने 112 वाहन को कॉल किया, लेकिन वाहन के नहीं पहुंचने पर स्वयं के खर्चे से ई रिक्शा में घायलों को लेकर सिम्स पहुंचाया। बताया जा रहा है कि ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 11 बीएल 1300 के चालक ने इस दुर्घटना के बाद भी अपनी गाड़ी नहीं रोकी और गोल बाजार की ओर भाग निकला, तिलक नगर के यातायात पुलिस के जवानों ने स्कार्पियो का पीछा किया। गोलबाजार में भी 3 लोगों को घायल कर चालक फरार हो गया। पुलिस ने स्कार्पियो को सिटी कोतवाली थाना पहुंचा दिया है।




जब्त वाहन। इनसेट में घायल युवक।

### रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई

घटना की सूचना मिली थी, तत्काल मौके के लिए पुलिस भेजी गई, चालक ने गोलबाजार में भी एक्सीडेंट किया है, मौके से चालक फरार हो गया है। घटना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत की है, प्राथियों को सिविल लाइन थाना भेजा गया है। गोलबाजार में भी दुर्घटना हुई है, इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं की गई है।

**–देवेश राठौर,** टीआई, सिटी कोतवाली

### काम कर रहे लाइनमैन की हादसे में मौत

**बिलासपुर।** 11 केवी लाइन की मरम्मत में बिना सुरक्षा काम कर रहे लाइनमैन की हादसे में मौत हो गई है। 11 केवी लाइन की चपेट में आने के बाद उसे 6 अगस्त को सिम्स में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान सिम्स में 10 अगस्त की दरमियानी रात को युवक की उसकी मौत हो गई।

मामले के अनुसार कोरबी निवासी युवक सहस सोरसे पिता बुधराम सोरसे 19 वर्ष 6 अगस्त की दोपहर को हाफा सकरी बायपास पर 11 केवी लाइनों के मरम्मत कार्य में लगा था। इस दौरान ठेकेदार अनुभव तिवारी द्वारा उसे बिना सुरक्षा उपकरणों के बिजली लाइन सुधार में लगाया गया था, हादसे में युवक पूरी तरह से झुलस गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से स्टाफ ने उसे सिम्स में भर्ती कराया, इस दौरान युवक का इलाज बर्न यूनिट में जारी था, युवक करीब 60 फीसदी झुलस गया था। सिम्स के डाक्टरों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन 10 अगस्त की रात को युवक की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने युवक के परिजनों को इसकी सूचना दी है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से बिजली मरम्मत का ठेका एक ही ठेकेदार को दिया जा रहा है, अधिकारियों द्वारा मरम्मत में लगे स्टाफ की जांच तक नहीं की जाती है और बिना किसी सुरक्षा के काम करते हुए स्टाफ हताहत हो रहा है। खास बात यह है कि ऐसे मामलों में ठेकेदार पर कार्रवाई तक नहीं की जाती है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

स्वामी जी 93406-38884
केदारनाथ में घोड़े खच्चर, पालकी व हेलीकॉप्टर की सुविधा दिलवाने में मदद करायेंगे।
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक 30 अगस्त 2025, 10 सितंबर 2025, 25 सितंबर 2025, 15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22501/- ऑफर 19,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### बीचबचाव करने पर युवक से मारपीट

**तखतपुर।** वाद विवाद के दौरान बीच बचाव करने वाले व्यक्ति को आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया। जानकारी के अनुसार बेलसरी निवासी विनोद यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 9 अगस्त की रात 10 बजे राजेश यादव मोहल्ले के लड़कों के साथ वाद विवाद कर रहा था जिसे उसका पुत्र दिलीप यादव समझाकर वापस आया उसके बाद जब विनोद घर से बाहर निकलकर देखा तो फिर वे वाद विवाद कर रहे थे। जब विनोद ने मना किया तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए। मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया।

### पालक-शिक्षक बैठक के किया गया पौधरोपण

**करगीरोड कोटा।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला थाना में मेगा पालक-शिक्षक एवं अभिभावक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पार्षद वेकट लाल अग्रवाल ने की। प्रधान पाठक श्रुति नेहा मिश्रा ने विद्यालय का प्रस्ताव रखा और अभिभावकों से सुझाव लिए। इस दौरान बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने, नए शाला भवन, अतिरिक्त कक्ष, मध्यान्ह भोजन भवन, खेल मैदान समतलीकरण की मांग रखी गई। साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। बैठक में मधु पांडे, एसएमसी अध्यक्ष सुशीला भानु, प्रधान पाठक मनीष शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

## निधन

### शैल श्रीवास्तव



**बिलासपुर।** मसानगंज निवासी शैल श्रीवास्तव पति स्वर्गीय नर नारायण श्रीवास्तव का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा वर्तमान निवास ग्वालानी प्राइड शुभम विहार से 12 अगस्त को दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के निकलेगी। वे दीपक श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, आरती अम्बष्ट की मां एवं सुरेन्द्र वर्मा एवं नरेंद्र वर्मा की बहन थीं।

### वेदबाई तिवारी



**सीपत।** ग्राम सोंठी निवासी विप्र समाज के स्व. विष्णु प्रसाद तिवारी की पत्नी श्रीमती वेदबाई तिवारी का 84 वर्ष की आयु में 11 जुलाई को निधन हो गया। इनके दो पुत्र संतोष कुमार, विजय तिवारी, एक पुत्री प्रभा तिवारी हैं। इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सोंठी मे किया गया।

### रेशम लाल भास्कर



**तखतपुर।** वार्ड 5 आजाद नगर निवासी रेशम लाल भास्कर पिता 55 वर्ष का 11 अगस्त को निधन हो गया है। वे हेमंत भास्कर, धीरज भास्कर, राहुल भास्कर के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार आजाद नगर स्थित सामाजिक मुक्तिधाम में किया गया।

### बेलतरा विधायक सुशांत ने छात्राओं को वितरित की सायकल

# सरस्वती सायकल बालिकाओं की प्रगति का साधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरताल

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना निशुल्क सरस्वती सायकल वितरण समारोह का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरताल के चंदैनीगोंदा संभागार में सोमवार को संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अभ्यागत बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला थे।

विघालय के प्राचार्य अनिल वर्मा एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र पान्डेय ने विधायक सुशांत शुक्ला को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। समारोह में कुल एक सौ सायकल वितरित किया गया। मुख्य अभ्यागत सुशांत शुक्ला ने कक्षा नवमीं की विघार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निशुल्क सरस्वती सायकल योजना बालिकाओं के शैक्षणिक विकास का महत्वपूर्ण कारण है। बालिकाएं समाज की धूरी है। इनकी उन्नति राष्ट्र की प्रगति का सूचक है। आगे उन्होंने बताया कि सेमरताल का यह विघालय उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। एसईसीएल, एनटीपीसी जैसी संस्थाएं इस स्कूल के बेहतरी के लिए आगे आ रही हैं। आने वाले समय में इस स्कूल को ऐसा बनाएंगे कि आसपास के दस गांव के बच्चे यहां सर्वसुविधायुक्त विघालय में पढ़ाई करेंगे। बच्चों के आने जाने के लिए सीटी बस सेवा चलाने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्राचार्य अनिल वर्मा ने समस्त अभ्यागतों का स्वागत करते हुए कहा कि स्कूल मैंदान को समतल करके बच्चों के खेलने योग्य बनाने की आवश्यकता है। साथ ही जर्जर भवन के स्थान पर नए भवन बनाया जाए। इस अवसर पर विशिष्ट अभ्यागत जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने सायकल प्राप्त करने वाली सभी बालिकाओं को शुभकामना संदेश दिया। अति विशिष्ट अभ्यागत उमेश गौरहा विधायक प्रतिनिधि ने बच्चों से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें। अपने लक्ष्य निर्धारित करें, असफल होने पर फिर से प्रयास करें। इस समारोह में अभ्यागत धनित्तर सूर्यवंशी सरपंच ग्राम पंचायत सेमरताल, सुरेन्द्र पान्डेय अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, देवी चंद्राकर विकासखंड स्रोत समन्वयक, मनीष कौशिक मंडल अध्यक्ष, संजीत पांडेय सांसद प्रतिनिधि, अक्षय साहू उप सरपंच, यशवंत सिंह अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, सतीश धीवर सदस्य प्रबंधन समिति, सरजू साहू सदस्य, दिनेश सिंह ठाकुर वरीष्ठ भाजपा नेता, पोमन सिंह, अमित राव सदस्य, चैतराम साहू पंच, जनकराम देवांगन जिला महामंत्री, लक्ष्मी सिन्हा महामंत्री एवं समन्वयक ओमप्रकाश वर्मा मौजूद थे।



### शाला परिसर में पौधरोपण



विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रबंध समिति, सरपंच, उप-सरपंच एवं शिक्षकों ने शाला परिसर में नीम के पौधे का रोपण किया। समारोह का सफल संचालन व्याख्याता सीमा ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में विघालय के व्याख्याता राजेश शर्मा, आर सी रात्रे, चंदन सारखेल, अभिलाषा मिश्रा, रुपाली श्रीवास्तव, वर्षा भट्ट, अदिति दुबे, पद्मा द्विवेदी, शैली यादव, ज्योति साहू, बीना सिंह, टीआर लहरें, संदीप त्रिपाठी, लिपिक आर जी भास्कर, सुखनंदन यादव, नरेंद्र वैष्णव, बलराम वाजपेई एवं देवशरण भार्गव का सराहनीय सहयोग मिला।



शहीद के प्रतिमा स्थल पर सफाई करते भाजपाई।

## भाजपाइयों ने किया शहीद दीपक को याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लगरा

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण के आह्वान पर हर घर तिरंगा के संदर्भ में रचनात्मक व राष्ट्र को समर्पित इवेंट पर कार्यक्रम तय किया गया है, जिसमें शहीद स्थलों में स्वच्छता अभियान, तिरंगा झण्डा को लेकर विधानसभा स्तरीय बाईक रैली, मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा, प्रत्येक बूथों में तिरंगा झण्डा लगना आदि शामिल किया गया है। तय कार्यक्रम के अनुसार भाजपा बेलतरा पूर्व मंडल के द्वारा मोपका स्थित शहीद दीपक उपाध्याय प्रतिमा स्थल की साफ सफाई की गई। शहीद दीपक उपाध्याय को नमन करते हुए माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ. तिलकराम साहू, जिला कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रहरी, मंडल अध्यक्ष पवन कश्यप, महामंत्री शैलू गोरख, सीमा ठाकुर, पार्षद रेखा सूर्यवंशी, जय वाधवानी, शैलेश देवागन, हरप्रसाद धुरी, रमेश कश्यप, रामगोपाल साहू, सुनीता साहू, शिव साहू, बच्चा साहू, प्रवीण यादव भूषण साहू, विकास कुर्रे आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## जरौंधा के युवाओं ने 53 यूनिट ब्लड डोनेट किया

**तखतपुर।** स्वर्णिम प्रभात संस्था एवं आशीर्वाद ब्लड बैंक के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में ग्राम जरौंधा के युवाओं ने 53 यूनिट ब्लड डोनेट किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र प्रताप कौशिक, विशिष्ट अतिथि के रूप में सृजन केयर हॉस्पिटल के डॉक्टर अवधेश साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच नंदराम मरावी ने की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शुभम क्षत्रि, पंकज साहू, रवि पाठक रोशन कौशिक रहे। पूरे कार्यक्रम को स्वर्णिम प्रभात संस्था के संस्थापक पवन कुमार रजक ने अपने स्वयं के मार्गदर्शन और देखरेख में संपन्न कराएं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका राकेश रजक मनोज साहू मोनू चौहान राजू साहू बबलू यादव हितेश पांडे घनश्याम रजक प्रफुल पांडे दीपक साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मिनीमाता ने लोगों को प्रदान की मातृत्व की छाया



**तखतपुर।** मिनीमाता की पुण्यतिथि पर सतनामी समाज ने स्थानीय सतनाम भवन में मिनीमाता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर पालिका के सभापति सुनील जांगड़े ने कहा कि मिनीमाता का भारत के संसदीय इतिहास में मजबूत व दीर्घकालीन पृष्ठभूमि रही है। मिनीमाता को माता शब्द के सच्चे अर्थों में एक समर्पित माता के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने लोगों को मातृत्व की छाया प्रदान की। राकेश डहरे ने श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रदीप लहरे, सुनील जांगड़े, राकेश डहरे, हीरा लाल जांगड़े, मोहर लाल माथुर, होरी माथुर, सखाराम लहरे, अखिलेश कोशले, शैलेन्द्र आहूजा, ऋषि चतुर्वेदी, आदर्श बंजारे, प्रियांशु डहरिया, दीपक लहरे, सूरज खांडेकर, राहुल गेंदले हेमंत कुर्रे उपस्थित रहे।

### पुण्यतिथि पर याद की गई मिनीमाता

**मुंगेली।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में मिनीमाता की 53वीं पुण्यतिथि के साथ पर्यावरण महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर, व्यवस्थापक एच.आर.भास्कर तथा अभिभावक एवं पार्षद संजय चंदेल द्वारा मिनीमाता की छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मिनीमाता के सामाजिक और राजनैतिक योगदान और कर्मठता को नमन किया। इस अवसर पर शिक्षकों एवं छात्रों ने मां के नाम पौधरोपण किया। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी, प्राचार्य आशा दिवाकर, सह प्राचार्य छत्रपाल डाहिरे, शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्रा एवं अभिभावक आदि उपस्थित रहे।





## बारिश नहीं होने से किसान चिंतित

**तखतपुर।** बारिश नहीं होने के कारण धान के पौधों के मरने की स्थिति में आ गई है और किसान चिंतित है।

सावन के महीने में बारिश नहीं होने के कारण इसका सीधा असर खेती किसानी पर पड़ा है जो किसान एक पखवाड़े पूर्व बारिश को लेकर भारी खुश थे वे आज बारिश नही होने के कारण भारी चिंतित हैं। एक पखवाड़े से बारिश नहीं हो पाने के कारण खेत में दरारें आ गई है। धान के पौधे मुरझाने की स्थिति में अगर एक दो दिन में अच्छी बारिश नहीं हुई तो इसका सीधा असर धान के पैदावार पर पड़ेगा। किसान भारी चिंतित हैं। टिहुलाडीह के किसान सुरेंद्र ओगरे ने बताया कि वह साढ़े तीन एकड़ में धान का फसल लगाया है और प्लाट में बोर भी है और तीन फेस कनेक्शन भी लिया हुआ है लेकिन बिजली के कारण पानी भी खेत को नहीं मिल पा रहा है न तो बारिश हो रही है और न ही बोर से पानी मिल पा रहा है। इस कारण सुरेंद्र चिंतित है। बारिश हो रही है कि वह पानी भी नहीं रोक पाया था साथ ही प्लाट में पम्प भी डला हुआ है इसलिए भी वह चिंतित नहीं था लेकिन अभी दोनों उसके साथ नहीं दे रहे है। पूरे खेत में दरारें आ गई है और धान के पौधे मुरझा गए हैं।

# मस्तूरी-मल्हार रोड पर जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



जर्जर सड़क को लेकर जवाहर नवोदय विद्यालय के पास चक्काजाम करते ग्रामीण।

बदहाल सड़क से नाराज सात ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को जवाहर नवोदय विद्यालय के पास सुबह 12 से दोपहर 1 बजे तक एक घंटे का चक्काजाम किया। तेज धूप और गर्मी में हुए इस विरोध के कारण हाईवे पर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की स्वीकृति के बावजूद दस वर्षों से इसका पुनर्निर्माण नहीं हुआ और बरसात में हालात और भी खतरनाक हो जाती है। ग्रामीणों के साथ जिला पंचायत सदस्य सतकली बावरे, जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। जर्जर सड़क में जगह-जगह गड्ढों के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। यही वजह रही कि ग्राम डंगनिया, चकरबेढा, कुटेला, विद्याडीह, ठाकुरदेवा, खपरी, बुढीखार, जैतपुर, नवागांव, बकरकूदा, सरसेनी और मटिया के लोग सड़क पर उतर आए। चक्काजाम के दौरान स्कूली बसें भी फंस गईं, जिससे बच्चे आधे घंटे तक धूप में परेशान रहे।

मौके पर पहुंचे एसडीओपी लालचंद मोहल्ले, मस्तूरी थाना प्रभारी हरीश टांडेकर, पचपेड़ी थाना प्रभारी श्रवण टंडन और मल्हार चौकी प्रभारी ओंमकार दिवान के नेतृत्व में पुलिस बल ने स्थिति संभाली। तहसीलदार जयंती देवांगन और नायब तहसीलदार रोशन साहू ने प्रदर्शन समाप्त करने की अपील की। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के ईई एल. ईक्का और सब-इंजीनियर ने आश्वासन दिया कि अगले दिन से गड्ढों में डब्ल्यूबीएम व मुरुम डालकर सड़क को आवागमन योग्य बनाया जाएगा। साथ ही, शासन से राशि स्वीकृत होते ही सड़क का पूर्ण नवीनीकरण करने का वादा किया गया। तहसीलदार देवांगन ने बताया कि तत्काल मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। आश्वासन के बाद ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने चक्काजाम समाप्त किया।

## विभिन्न मांगों को लेकर युकां का हल्ला बोल, कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता।

**पेंड्रा।** युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष अमन शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कहा कि इन मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई आवश्यक है, ताकि कानून व्यवस्था और जनजीवन में सुधार आ सके।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में अंतर्राज्यीय गौ तस्करों का नेटवर्क सक्रिय है, जो संगठित रूप से काम कर रहा है। इसे धार्मिक सद्भाव और कानून व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर माना गया है। जुआ-सट्टा, शराब, गांजा और नशीली दवाओं का अवैध कारोबार भी विभिन्न क्षेत्रों में फैल रहा है, जिससे न केवल आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं बल्कि सामाजिक ताना-बाना भी प्रभावित हो रहा है। किसानों की समस्या भी इसमें प्रमुख बिंदु के रूप में रखी गई। ज्ञापन में बताया गया कि सहकारी समितियों में डीएपी खाद समय पर उपलब्ध नहीं हो रही है, जिससे किसान मजबूरी में खुले बाजार से अधिक दाम देकर खाद खरीदने को विवश हैं। यह उनकी लागत और आर्थिक बोझ दोनों बढ़ा रहा है। इस दौरान जिला महासचिव रवि राय, जिला उपाध्यक्ष एवन पाल पैकरा, सोशल मीडिया प्रभारी निलेश गुर्जर, पार्षद विक्रांत रोहणी, जिला महासचिव राजकमल केशरी समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिलपहरी स्थित दईहान प्रांगण में नंदी महाराज की प्राण-प्रतिष्ठा सम्पन्न



**सिलपहरी।** दईहान प्रांगण में श्रद्धा, भक्ति और हिन्दू विधि विधानों के बीच नंदी महाराज की प्राण-प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई।

इस धार्मिक अनुष्ठान का नेतृत्व प्रतिष्ठित सिलपहरी सरपंच टीकाराम यादव जी ने किया, जिनके मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के साथ मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठित किए गए।पूरे दईहान परिसर में सुबह से ही भक्तों की चहल-पहल बनी रही। गांव के दईहान में नंदी महाराज की स्थापना को लेकर पूरे ग्रामीण श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। धार्मिक विधियों के साथ पूजा, हवन और आरती का आयोजन किया गया। इसके पश्चात सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।इस पावन अवसर पर पूर्व उपज मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर, चमन यादव, दौलत साहू ,महेश पाल, उदल यादव,पन्ना पाल, मंत्रोहण, नंदी पटेल, यादव, बिसाहू यादव और स्थानीय लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। नरोत्तम पटेल, दिलकुमार नायक, करन ध्रुव, विशेष रूप से मौजूद रहे और उन्होंने विधिवत पूजा में भाग लेकर नंदी महाराज के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. ..../ब-121/2024-25
ग्राम बरेला प.ह.नं. 09

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम बरेला वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश पटेल पिता/ पति सुखनंदन जाति मरार निवासी ग्राम बरेला तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने पुत्र सागर पटेल के जन्म/ मृत्यु दिनांक 21.10.2007 को ग्राम पंचायत बरेला मे दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 14.08.2025 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/7/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25
ग्राम लोरमी, प.ह.नं. 28 तह. लोरमी
पक्षकार-श्रीमती आरती पति दिनेश मरावी बनाम छ.ग.शासन।

आवेदिका श्रीमती आरती पति दिनेश मरावी, जाति गोड़, निवासी ग्राम डोंगरीगढ़, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वतः के नाम पर ग्राम लोरमी, प.ह.नं. 28, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 283/6 रकबा 0.0140 हेक्टे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, बैनामा, अधिकार अभिलेख एवं मिशल की प्रति प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.08.2025 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**लोरमी, जिला-मुंगेली (छ)ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक /क/ना.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक : 07.08.2025
रा.प्र.क्र............/ब-121/2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता मंगला प.ह.नं. 35, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका भगवती कुर्रे पिता/पति स्व. बुधराम कुर्रे निवासी ग्राम आजाद चौक, मंगला बिलासपुर के द्वारा अपने माता/पिता/ पति/पुत्र/ पुत्री /अन्य/मृतक /मृतिका बुधराम कुर्रे पिता /पति मिन्ता कुर्रे निवासी आजाद चौक मंगला बिलासपुर की मृत्यु दिनांक 17/08/2000 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 17/08/ 2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी-1033 आबंटी श्रीमती प्रभा जायसवाल पिता श्री होरीलाल जायसवाल के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 02.01.2016 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 30.03.2023 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती रेखा यादव पति श्री स्व. फगुवा राम यादव के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/ बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-02 बिलासपुर (छ.ग.)**

रामसाय धुरी ....................वादी
**//विरुद्ध//**
घुरऊ राम धुरी.......प्रतिवादी

व्य.वाद क्र.-334/2021
पेशी ता. 21/08/2025
आदेश दिनांक : 26/07/2025
प्रोसेस 10

इस न्यायालय में वादी रामसाय धुरी के द्वारा प्रतिवादी घुरऊराम धुरी के विरुद्ध वाद संस्थित किया गया है। आप प्रतिवादी घुरऊराम धुरी इस न्यायालय में पेशी दिनांक 21/08/25 को दिन के 11:00 बजे व्यवहार वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिरी) होने के लिए नोटिस/समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर/ अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, तथा उन सभी दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहें जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो आपके विरुद्ध दावा की एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए दावा का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तारीख 21/08/25 को अवकाश घोषित जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी

आज दिनांक 11/08/25 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)

**(कु. रिची जैन)**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के पंचम अतिरिक्त न्यायाधीश वर्ग-02 बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं मेलाराम साहू पिता श्री रामचरण साहू उम्र 51 वर्ष जाति साहू निवासी ग्राम सेमरा थाना रतनपुर तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर छ.ग. का निवासी हूं, यह कि मेरे द्वारा ग्राम सेमरा प.ह.न.17 रा.नि.मं नगोई तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 325/3, 326/3, 327/3, 586/1, 586/2, 585 रकबा 0.25, 0.05, 0.08, 0.50, 0.27, 0.34 कुल रकबा 1.56 एकड को क्रेता अजय सक्सेना, सुनील सक्सेना राहुल सक्सेना तीनों के पिता श्री भरतलाल सक्सेना जाति सूर्यवंशी निवासी-खमतराई थाना सरकंडा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के पास विक्रय करने का इकरारनामा दिनांक 11.11.2024 को दोनो पक्षों कि सहमती से नोटरी के समक्ष निष्पादित कराया गया था जिस पर दिनांक 20.02.2025 के भीतर रजिस्ट्री कराने एवं शेष बचत रकम प्रदाय करने का अनुबंध हुआ था उपरोक्त समय बीत जाने के बाद भी केतागणों द्वारा आज दिनांक तक प्रश्नाधीन भूमि का रजिस्ट्री नही कराया गया है टाल मटोल किया जा रहा है जिससे मुझे आर्थिक, मानसिक एवं शारिरीक क्षति उठानी पड रही है केतागणों के उक्त ब्यवहार एवं कार्य से रूष्ट व नाखुस होकर मैं दिनांक 11.11.2024 को निष्पादित उक्त इकरारनामा अनुबंध को निरस्त कर रहा हूं, इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से मेरा और केतागण अजय सक्सेना, सुनील सक्सेना, राहुल सक्सेना के बीच कोई लेन देन नही है, तथा उक्त इकरारनामा शुन्य घोषित है।

उक्त इकरारनामा निरस्तीकरण के संदर्भ में जिस किसी ब्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो इस आम सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर मेरे उल्लेखित पते पर उपस्थित होकर लिखित या मौखिक रूप से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नही किया जावेगा।
सो सूचना जाने।

**भवदीय**
**मेलाराम साहू**
**मो.नं.8319147040**

## खबर संक्षेप

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने बहनों से बंधवाई राखी



**मुंगेली।** जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने अपनी बहन सहित बड़ी संख्या में बहनों से राखी बंधवाकर बहनों को उपहार दिये एवं बहनों के साथ हर सुख-दुख में खड़े रहने का संकल्प लिया और रक्षाबंधन की बधाई दी।

### बोदा ग्राम पंचायत में स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण



सेतगंगा/मुंगेली। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर के स्वयं सेवक गोद ग्राम पंचायत बोदा में वृहद पौधरोपण का कार्यक्रम स्वयं सेवकों के द्वारा किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर के शाला अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता, ग्राम पंचायत बोड़ा के सरपंच श्रीमती खुशबू कन्हैया सिंह, नरेंद्र जायसवाल, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक आनंद, गांव के गणमान्य व्यक्ति की उपस्थिति में 30 फलदार पौधा लगाकर वृक्षारोपण का कार्य किया गया। जिसमें दलनायक विकास साहू, उप दलनायक गजेंद्र एवं समस्त स्वयं सेवक मौजूद रहे। सभी बच्चों को स्वल्पाहार किए और अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामबाबू मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### कलेक्टर ने लिया स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा



**मुंगेली।** जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और वहां रंग रोगन, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, पार्किंग, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, साफ-सफाई, फायर ब्रिगेड, विद्युत व ध्वनि विस्तारक यंत्र सहित अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।
कलेक्टर ने कहा कि 15 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 09 बजे जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, परेड की सलामी और जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जायेगा। कार्यक्रम में शहीदों के परिवारजन को सम्मानपूर्वक आमंत्रित कर शाल व श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। समारोह स्थल पर छात्र-छात्राओं द्वारा पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### मुंगेली नगर में हो रहा भव्य जैन मंदिर का निर्माण



**मुंगेली।** नगर में आगरा के निपुण कारीगरों द्वारा पहली बार एक भव्य जैन मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। यह मंदिर भरतपुर से लाए गए गुलाबी एवं लाल पत्थरों से निर्मित हो रहा है। इन पत्थरों का उपयोग अयोध्या और कुंडलपुर जैसे ऐतिहासिक मंदिरों में भी किया गया है। उत्तरमुखी एवं शिखरबद्ध शैली में निर्मित यह मंदिर की ऊंचाई 51 फीट होगी। विद्यासागर महामुनिराज एवं आचार्य दुर्लभसागर महाराज के आशीर्वाद एवं कुशल निर्देशन में आगरा के निपुण कारीगरों द्वारा जैन मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह मंदिर आगर नदी के तट, पुराने बस स्टैंड के समीप, राजस्थान के बंशीपुर भरतपुर से लाए गए गुलाबी एवं लाल पत्थरों से निर्मित हो रहा है। इन पत्थरों का उपयोग अयोध्या और कुंडलपुर जैसे ऐतिहासिक मंदिरों में भी किया गया है। उत्तरमुखी एवं शिखरबद्ध शैली में निर्मित यह मंदिर 51 फीट ऊंचाई का होगा। वर्तमान में प्रथम तल का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि द्वितीय तल का कार्य 60 फीसदी तक संपन्न हो चुका है। विशेष उल्लेखनीय है कि केवल 13 घरों के श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा यह भव्य जिनालय निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

## तिरंगा यात्रा में शामिल हुए डिप्टी सीएम

# तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीकः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



हर घर तिरंगा अभियान के तहत उप मुख्यमंत्री अरूण साव के नेतृत्व में नगर के विधायक कार्यालय रानीगांव से पुराना बस स्टैंड, मुंगेली चौक, गुरुद्वारा चौक होकर नहर तक 101 मीटर लम्बा तिरंगा के साथ लोगों ने पैदल मार्च कर यात्रा निकाली गई। ग्राम बटहा तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। ''हर घर तिरंगा'' अभियान का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को यह संदेश देना है कि राष्ट्रीय ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे स्वाभिमान और बलिदान की पहचान है। उन्होंने ''हर घर तिरंगा'' अभियान को सफल बनाने आमजनों से आह्वान किया। इससे पहले लोगो ने डिंडौरी से विशाल बाईक में तिरंगा यात्रा नगर पहुँचा जो पैदल में समाहित हो गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने देश के वीर के झांकी में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, साहू, नप अध्यक्ष सुजीत वर्मा, विनय साहू, जिला पंचायत सदस्य संजय रत्ना काठले, अनिता साहू,समुंद सिंदाम, जिपं उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर,धनीराम यादव, पूर्व नपाध्यक्ष अंजना दास, रामेश्वर बंजारे, गुरमीत सलूजा, रवि शर्मा, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, एसडीएम अजीत पुजारी, एसडीओपी नवनीत पाटिल, सीएमओ चन्दन शर्मा, नायब तहसीलदार सीपी सोनी,शान्तनु तारम एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### तिरंगा यात्रा को लेकर विजयपुर भाजपा मंडल की बैठक

तखतपुर। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को लेकर भाजपा के सभी मंडलों में मीटिंग बुलाकर कार्यकर्ताओं में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह उत्साह एवं जोश भर रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के विजयपुर मंडल की बैठक ग्राम जूनापारा में आयोजित की गई, साथ ही पदयात्रा निकाली गई, जिसमें तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, प्रत्येक घरों पर फहरता हुआ तिरंगा हमारे शहीदों को सही श्रद्धांजलि देगा, जो हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा यह तिरंगा हमारी पहचान है, हमारी सोच है कि यह अभियान प्रत्येक लोगों तक पहुंचे और हर व्यक्ति इसमें अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करे। कार्यक्रम का संचालन विजयपुर भाजपा मंडल महामंत्री कामता कुलमित्र एवं आभार प्रदर्शन प्यारेलाल जायसवाल ने किया। इस अवसर पर विजयपुर मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता कश्यप, जनपद पंचायत सभापति श्याम सिंह ध्रुव, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष कश्यप प्यारेलाल जायसवाल, तखतपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, दिनेश राजपूत, गुलजीत खुराना, कृष्ण कुमार साहू, उत्तरा कश्यप, ओंकार खत्री, हरीश कुलमित्र, जगदीश कश्यप, राकेश छाबड़ा, वरुण सिंह, प्रमोद सिंह, राहुल शुक्ला, अविश यादव, नरेश श्रीवास, सुंदरलाल ध्रुव, सुनील साहू, एकांत मजूमदार, मोहित राजपूत, अंकित अग्रवाल, रामाधार साहू, घनश्याम कौशिक, मनहरण मरावी, उत्तम श्रीवास, रामनाथ पोर्ते, विजय यादव, संजय साकत सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने दिया देशभक्ति का संदेश

तखतपुर। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने हर घर तिरंगा के तहत साइकिल रैली निकाली। तिरंगे की शान में उतरी साइकिल रैली, गूंजे देशभक्ति के नारे कन्या हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने घर-घर तिरंगा अभियान को दिया जन-जन तक संदेश। प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को शासकीय कन्या हाई स्कूल तखतपुर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। छात्राओं ने हाथों में तिरंगा थामे, वन्दे मातरम् और भारत माता की जय के नारों के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण किया। रैली का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को राष्ट्रध्वज के सम्मान और 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना था। रैली में शिक्षकों ने भी छात्रों के साथ साइकिल चलाकर सहभागिता दी। लोगों ने रैली का स्वागत कर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर आमोद एक्का, रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, कामिनी गुप्ता, मीनाक्षी शर्मा, स्वीटी सिंह, माहेश्वरी सिंह,दिव्या मिश्रा, अंकित विश्वकर्मा एवं पारुल यादव, गिरधारी वैष्णव, मयंक यादव, पुष्पेंद्र दुबे, संदीप ध्रुव ने योगदान दिया।





घर-घर तिरंगा अभियान में शामिल विधायक एवं भाजपा पदाधिकारी

## सेना के शौर्य व पराक्रम से गौरवान्वित हैं देश के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मोर तिरंगा मोर अभिमान, घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा अभियान के तहत मुंगेली विधानसभा स्तर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले के अगुवाई में बरेला एवं सेतगंगा से दोपहर 1 बजे यात्रा प्रारंभ हुई, जो जिला मुख्यालय में नगर भ्रमण करने के बाद अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय मुंगेली में समाप्त हुई।

विधानसभा स्तरीय तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि भारत माता के सच्चे सपूत अपने देश की सेना के शौर्य और पराक्रम से गौरवान्वित हैं जबकि कुछ पार्टियों को सेना का शौर्य दिख नहीं रहा है वे सबूत पर सबूत मांगे जा रहें हैं और ये पहली बार नहीं है हर बार कुछ लोग व उनकी पार्टी सेना पर सवालिया निशान लगाती रही है। हम सब ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से तथा देश पहले की भावना से अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुकने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य से खुश हैं कि उन्होंने देश की बेहतरी के लिए यह कदम उठाया। तिरंगा यात्रा के संदर्भ में उन्होंने बताया कि मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के बरेला और सेतगंगा से एक साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई जो जिला मुख्यालय में बरसते पानी के बीच नगर भ्रमण करने के बाद अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में विधानसभा क्षेत्र के 5 मण्डलों के अध्यक्ष महामंत्री व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा सामान्य नागरिक भी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में शामिल सभी का आभार जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी एवं तिरंगा यात्रा के जिला प्रभारी शैलेश पाठक ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह, नगर पालिका मुंगेली के उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, पदमनी मोहले, नगर मण्डल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, सेतगंगा मण्डल अध्यक्ष सुखचंद साहू, जरहागांव मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर जायसवाल बंटी, लौदा मण्डल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी के साथ ही सभी मण्डलों के महामंत्री व अन्य पदाधिकारी, जिला पंचायत सभापति व सदस्य, पार्षद, जनपद सदस्य, सरपंच उपस्थित रहे।

## भारत माता के जयकारे लगाते सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे मुंगेली

**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला तथा जरहागांव के संयुक्त तत्वावधान में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर पंचायत बरेला के अध्यक्ष नरेश पटेल की अगुवाई में विधायक पुन्नू लाल मोहले जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जनपद सदस्य पवन पांडे, पूर्व जिला सदस्य दुर्गा साहू की उपस्थिति में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कर नगर पंचायत जरहागांव पहुंचे जहां नगर अध्यक्ष रुपाली वेदप्रकाश के अगुवाई में स्वागत कार्यक्रम रखा गया। लोग तिरंगा यात्रा में शामिल होकर



दशरंगपुर पहुंचे जहां जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पद्मनी मोहले सरपंच लक्ष्मी चंद मोहले ने यात्रा का स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में जरहागांव से नितेश पटेल, देहुति बबलू पटेल,रमेश पटेल,हीरालाल पटेल,पवन पटेल,सुनीता विजय दीवान,प्रदीप धुरी,संजय कुमार धुरी,शेख जैनुल,विवेकदीप सेमरिया,जगदीश साहू,,राजकुमार साहू,पिंकी गजानंद निर्मलकर,संजय निर्मलकर ,नोहर सिंह ठाकुर, वेदप्राश कश्यप, उपाध्यक्ष मनोज कश्यप सहित अन्य मौजूद थे।

## स्कूल से नदारद चार शिक्षकों का कटेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



शिक्षा के क्षेत्र में जिले को एक नई पहचान दिलाने और शिक्षा गुणवत्ता सुनिश्चित सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 90 प्लस परीक्षा परिणाम अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने मुंगेली विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल फरहदा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में विभिन्न कक्षाओं, विद्यार्थियों व शिक्षकों की संख्या, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं सहित परिसर में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया, जिसमें नंद किशोर साहू, राजेन्द्र कश्यप, उर्वशी साहू और अर्चना मसीह सहित 4 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, जिस पर कलेक्टर ने गंभीर नाराजगी जताते हुए अनुपस्थित शिक्षकों का 1 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में अव्यवस्था और गंदगी का आलम देखकर कलेक्टर ने प्राचार्य नंद किशोर साहू को कड़ी फटकार लगाई और उन्हें हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने स्कूल में बेहतर व्यवस्था न होने तथा उचित मानिटरिंग नहीं करने पर बीईओ जितेन्द्र बावरे एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक सूर्यकांत उपाध्याय को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा सभी व्यवस्थाएं तत्काल सुधारने के लिए कहा।

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी सी.के.घृतलहरे एवं डीएमसी को बेहतर मानिटरिंग के साथ स्कूलों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बच्चों से भी चर्चा की और मन लगाकर पढ़ाई कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही गरीबी दूर करने का सशक्त माध्यम है, इसलिए खूब पढ़ें और आगे बढ़ें। पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने भी अनुशासन और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर जोर देते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने निर्देशित किया। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि शिक्षण व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ करने वालों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## समाज में गौ-सेवा की संस्कृति को करना है प्रोत्साहित



**मुंगेली।** सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ती जनहानि और पशुहानि की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में ''गौ सेवा संकल्प अभियान'' की शुरुआत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बेसहारा एवं सड़कों पर छोड़े गए मवेशियों के बेहतर प्रबंधन, सेवा और संरक्षण को सुदृढ़ करना है। इसी कड़ी में पथरिया विकासखण्ड के सरपंचों, सचिवों और पटवारियों को गौ सेवा एवं संरक्षण के संबंध में जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान आवारा पशुओं की समस्या के संभावित निदान और गाय गोद लेने पर चर्चा की गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य बेसहारा एवं घायल गौवंश के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना, उनके उचित प्रबंधन की तकनीके सिखाना तथा समाज में गौ-सेवा की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने घुमंतू मवेशियों को चिन्हांकित कर ईअर टैगिंग करने, युवा, बुजुर्गों एवं आम लोगों को अभियान से जोड़ने तथा गौ सेवा के प्रति जागरूक करने कहा। उन्होंने सेवा भावना का दृष्टिकोण विकसित करते हुए गायों की सुरक्षा के लिए ईमानदार प्रयास करने और इस पहल को जनभागीदारी तथा जनअभियान के रूप में लेने व गॉवों में चैपाल लगाकर गौ सेवा के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षण में गौ माता की सेवा करने, मवेशी को खुले में नहीं छोड़ने, सड़क पर मवेशी मिलने पर किनारे हटाने के साथ ही अपने माता-पिता, मित्रों, रिश्तेदारों और पड़ोसियों को गौ सेवा के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।

## 25 हजार रुपए रिश्वत लेने का है आरोप

# भ्रष्टाचार के आरोपी पटवारी की जमानत अर्जी खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली




विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम ने भ्रष्टाचार के आरोपी पटवारी की जमानत अर्जी खारिज दी है। राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण एवं एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर द्वारा अभियुक्त को पटवारी हल्का नंबर एक तहसील मुंगेली में पदस्थ रहने के दौरान शिकायतकर्ता टोप सिंह अनुरागी का नाम त्रुटि पूर्ण तोप सिंह को रिकार्ड दुरुस्त करने एवं शिकायतकर्ता के भाई हेतराम, पीला दास एवं बहन रामकली, रामफल एवं कुमारी बाई के सह खातेदार को हक छोड़ निष्पादित करा कर शिकायतकर्ता के नाम पर ग्राम केसली तहसील व जिला मुंगेली में स्थित भूमि जो कि ग्राम केसरीकला में स्थित है शिकायतकर्ता से पटवारी उत्तम कुर्रे के द्वारा नाम दुरुस्त करने हेतु 25 हजार रिश्वत की मांग की गई थी। जिस पर शिकायतकर्ता द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो को शिकायत की थी तथा अभियुक्त उत्तम कुर्रे पटवारी के विरुद्ध ट्रैप की कार्रवाई की गई थी। तथा मांग राशि को बरामद किया गया था। जिसमें अभियुक्त उत्तम कुमार कुर्रे के विरुद्ध धारा 7 पीसी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 10 जून को विधिवत गिरफ्तार किया गया था और संपूर्ण विवेचना के पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से विशेष लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ठाकुर ने पैरवी कर जमानत आवेदन पत्र का विरोध किया तथा तर्क दिया कि भ्रष्टाचार के तीन घटक मांग, स्वीति और बरामद्गी तीनों ही प्रथम दृष्टया आवेदक अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पत्र के परिशीलन से परिलक्षित होता है तथा आवेदक को जमानत का लाभ दिए जाने से उसके द्वारा अभियोजन गवाहों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से प्रभावित करने का अंदेशा है। उपरोक्त कारणों से आवेदक का जमानत आवेदन पत्र न्यायालय द्वारा निरस्त किए जाने का निवेदन किया। प्रकरण अभियोजन स्वीकृति हेतु लंबित है।

## गौ तस्करी में लगे वाहनों को राजसात करने का आदेश

**मुंगेली।** जिले में गौवंश तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई के बाद पकड़े गए वाहनों को राजसात करने करने आदेश पारित किया गया है। पकड़े गए वाहनों में बड़ी संख्या में क्रूरता पूर्वक ठूंस-ठूंस मवेशी कर भरे गए थे। पहला मामला थाना सिटी कोतवाली का है, जिसमें 19 सितंबर 2024 को पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने ग्राम हथनीकला के पास से वाहन क्रमांक सीजी 28 जे 6391 को पकड़ा। वाहन में 5 नग गाय, 2 बछड़ा, 2 बछिया सहित कुल 9 मवेशी भरे हुए थे, जांच में पता चला कि मवेशियों को मध्यप्रदेश से लाकर मुंगेली होते हुए अन्य स्थानों में बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। वाहन स्वामी रमेश पात्रे निवासी हथनीकला पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एवं छ.ग. कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत कार्रवाई की गई। दूसरा मामला थाना पथरिया का है, जिसमें 3 अप्रैल 2022 की रात में पुलिस स्टाफ ने बेलटुकरी मोड़ के पास वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 7848 को पकड़ा। वाहन में 16 नग मवेशी बुरी तरह ठूंस-ठूंस कर भरे गए थे, मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि वाहन स्वामी कलीराम धीवर निवासी धींवरपारा चरौदा, आरंग रायपुर पर भी पशु क्रूरता अधिनियम और कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई हुई। दोनों मामलों में प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट मुंगेली ने वाहनों को राजसात करने के आदेश पारित किए।